# बोल्डर से टकराई कार सैन्यकर्मी की गई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के गांव से वापस लौट रहे कार सवार सैन्यकर्मी समेत चार दोस्त हादसे का शिकार हो गए। तेज रफ्तार कार हाईवे पर सीधे सीमेंटेड बोल्डर से टकरा गई, जिससे सैन्यकर्मी की मौके पर मौत हो गई, वहीं तीन दोस्तों का इलाज हैलट अस्पताल में चल रहा है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, तो चीख-पुकार मच गई। सचेंडी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

केशवपुरम बरगद चौराहे के पास रहने वाले सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी राजेंद्र कुमार यादव का 30 वर्षीय पुत्र सुमित यादव दिल्ली में सेना भवन में सैन्यकर्मी था। परिजनों ने बताया कि सुमित गुरुवार को ईद की छुट्टी पर घर आया था। वह अपने गांव रसूलाबाद क्षेत्र के उरिया कार से गया हुआ था। शनिवार को उसे दिल्ली पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन करनी थी।

परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को उसके दोस्त पनकी निवासी रेलवे दिबियापुर में कार्यरत अभिषेक पाल, नूरा और मनिया गांव पहुंच गए। वहां से वे लोग शनिवार सुबह

- सचेंडी क्षेत्र में ओरिएंट रिसॉर्ट के पास तड़के हुआ हादसा


हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

### रिफ्लेक्टर नहीं लगा होने के कारण हुआ हादसा

- परिजनों का आरोप है कि हाईवे के बोल्डरों में रिफ्लेक्टर नहीं लगाए गए हैं, जिससे हादसा हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लगने के कारण पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को किनारे कराया।

करीब चार बजे निकले थे। उन्हें समय से घर पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए ट्रेन पकड़ना था। वे लोग सचेंडी थाना क्षेत्र में ओरिएंट रिसॉर्ट के पास पहुंचे, तभी सड़क पर सीमेंटेड बोल्डर से सीधे टकरा गए, जिससे कार का बैलून खुल गया।

हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान कार चला रहे सैन्यकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

○ नगर निगम और पीडब्ल्यूडी ने चिह्नित कीं खस्ताहाल सड़कें ○ दोनों विभाग अपने-अपने हिस्से की सड़क बनाएंगे

# दो महीने के भीतर शहर की 'जख्मी' सड़कों के भरेंगे 'घाव'

जागे जिम्मेदार

कानपुर। शहर की सड़कों पर गड्ढे और उखड़ी बजरी राहगीरों को परेशान करती है। बाइक सवार गड्ढों में हिचकोले खाते हैं और बजरी में फिसल जाते हैं। चार पहिया वाहन गुजरने पर बजरी उछलकर दूसरों को लगती है। ऐसी सड़कों पर धूल के गुबार लोगों को बेजार कर रहे हैं, मगर अब ऐसी 'जख्मी' सड़कों के दो माह में 'घाव' भरे जाएंगे। नगर निगम और पीडब्ल्यूडी ने अपने-अपने हिस्से की ऐसी सड़कों दुरुस्त करने की तैयारी कर ली है। जगह-जगह टूटी और ऊबड़-खाबड़ सड़कों पर काम किया जाएगा, जिससे गड्ढों और बजरी से होने वाले हादसों पर विराम लग सके। दोनों विभागों ने शहर में अपनी-अपनी सड़कों की सूची तैयार कर काम कराना शुरू कर दिया है। जल्द ही सभी सड़कें गुड्ढा मुक्त हो जाएंगी। मरम्मत होने के बाद लोगों को सहूलियत मिलेगी।


सेंट्रल स्टेशन जाने वाली सड़क का यह हाल है। अमृत विचार

### सेंट्रल स्टेशन की ओर जाने वाली सड़कें उखड़ीं

- सेंट्रल स्टेशन के कैंट साइड और सिटी साइड की सड़कें की दुर्दशा का शिकार हैं। कैंट साइड की तो पूरी सड़क पर गिट्टी और बजरी उखड़ी पड़ी है। बीच-बीच में इतने गड्ढे हैं कि पैदल चलने वाले जरा सा धोखा खा जाएं तो गिरना तय है। इस सड़क पर तेज रफ्तार बाइक अथवा चौपहिया वाहन निकलने पर धूल का गुबार उठता है।


नई सड़क पर जगह-जगह नजर आते हैं गड्ढे। अमृत विचार

### नई सड़क पर कदम-कदम पर गड्ढे, धक्के खाते लोग

- नई सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। कई जगह लोगों ने वाटर लाइन और दूसरे कामों के लिए सड़क खोद डाली है। पुराई की मिट्टी हट जाने से गड्ढे गहरे हो गए हैं, जो मुसीबत का कारण बने हैं। गड्ढा देखकर बाइक सवार अचानक ब्रेक लगा देते हैं, जिससे घिसटकर गिर भी जाते हैं। कई लोग चुटहिल हो चुके हैं।

### अफीम कोठी से जरीब चौकी की राह आसान नहीं

- अफीम कोठी से जरीब चौकी की राह आसान नहीं है। सड़क पर करीब एक दर्जन से अधिक गड्ढे हैं। सड़क के दोनों तरफ एक जैसी हालत है। बीच-बीच में कई जगह सड़क भी उखड़ी है। इस रोड पर वाहनों का लोड अधिक होने से दिन भर धूल का गुबार उठता रहता है, जिससे दुकानदार भी बेहाल हैं। दुकानों में धूल भरने से सामान खराब होता है।


अफीम कोठी से जरीब चौकी रोड पर भी धक्के लगते हैं। अमृत विचार

### बगिया क्रासिंग से आवास विकास की रोड बदहाल

- कल्याणपुर बगिया क्रासिंग से आवास विकास जाने वाली रोड पर वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। इस रोड पर भी छोटे-बड़े मिलाकर एक दर्जन से अधिक गड्ढे हैं। रोड भी कई जगह उखड़ी होने से कई बार राहगीरों को बजरी छिटककर लगने से जख्मी कर देती है। धूल उड़ने पर राहगीर परेशान होते हैं।


बगिया क्रॉसिंग से आवास विकास की सड़क बिल्कुल उधड़ गई है। अमृत विचार

# सनिगवां-पिपरगवां रोड पर टू लेन का काम शुरू

## 7.50 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण में सीमेंट, पत्थर और केमिकल मिलाकर तैयार की जा रही लेयर, होगी टिकाऊ

मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एफडीआर तकनीक से बनने वाली 7.50 किलोमीटर लंबी पिपरगवां-सनिगवां रोड का सैंपल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने पास कर दिया है। मानक के अनुरूप रिपोर्ट आने के बाद कंक्रीट से सड़क का समतलीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। समतलीकरण होते ही 10 दिन बाद सड़क पर बिटुमिंस सरफेस बिछाने का काम शुरू किया जाएगा।


सनिगवां से पिपरगवां रोड पर तेजी से काम शुरू हो गया है। अमृत विचार

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आने वाली 7.50 किलोमीटर लंबी सनिगवां-पिपरगवां रोड कई वर्षों से जर्जर पड़ी हुई थी। सड़क की दुर्दशा के बाद आए दिन वाहन सवार गिरकर चुटहिल होते थे। सड़क निर्माण न होने से पिपरगवां से सनिगवां मार्ग पर पड़ने वाले करौली, बघारा, कुइयांहार, कुरियां समेत अन्य गांवों की लगभग 30 हजार की आबादी को भारी समस्या का सामना करना पड़ता था।

पीडब्ल्यूडी (पीएमजीएसवाई) ने आगरा की देव कांस्ट्रक्शन कंपनी को 2.50 करोड़ की लागत से

- एफडीआर तकनीक से बनेगी सड़क, बीएचयू से सैंपल पास
- समतलीकरण के बाद बिटुमिंस सरफेस बिछाने का काम

सड़क निर्माण का टेंडर जारी किया था। सड़क पर ट्रैफिक लोड और भारी वाहनों के आवागमन आसानी से हो सके, इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने मार्ग को एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लिमेशन) तकनीक से बनाने की योजना तैयार की थी।

विभाग ने एफडीआर तकनीकी से सड़क बनाने के लिए 100 मीटर के हिस्से पर पत्थर, सीमेंट, केमिकल सहित अन्य तत्वों को मिलाकर जांच के लिए सैंपल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) भेजा था, जो कि मानक के अनुरूप पाया गया है। इसके बाद पूरी सड़क एफडीआर पद्धति का प्रयोग किया गया। साथ ही सड़क पर कंक्रीट बिछा कर समतलीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। समतलीकरण का कार्य पूरा होते ही सड़क पर बिटुमिंस सरफेस का काम शुरू किया जाएगा।

### यह है एफडीआर तकनीक

- एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लिमेशन) पद्धति से मार्ग को सही करने के लिए अत्याधुनिक मशीन का प्रयोग होता है, जो पुराने मैटेरियल के साथ छोटे व बड़े बोल्डर को मिक्स करने के बाद मशीन से इसकी पेस्टिंग की जाती है। इस तरह सड़क की पूरी सतह तैयार होती है। इसके बाद पिच कार्य होगा। एफडीआर तकनीक से सड़कों का निर्माण फास्ट ट्रैक मोड पर होता है। तकनीक से सड़कों की लागत में कम खर्च आता है।

> ट्रायल के रूप में सड़क का 100 मीटर का हिस्सा एफडीआर तकनीक से तैयार कर बीएचयू भेजा गया था। सैंपल रिपोर्ट मानक के अनुरूप पाई गई है। इसके बाद सड़क के निर्माण में तेजी लाई गई है। सड़क एफडीआर पद्धति से तैयार हो गई है। कंक्रीट से समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा है। 10 दिनों में बिटुमिंस सरफेस का काम शुरू कर दिया जाएगा।
>
> –दिलीप कुमार, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी पीएमजीएसवाई

## सार-संक्षेप

### मरीज की मौत पर लापरवाही का आरोप

कानपुर। रामबाग निवासी सुनील कुमार शर्मा (62) के बेटे रवि शर्मा ने बताया कि पिता के फेफड़े में बलगम आ गया था, इसलिए उनको सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। गुरुवार सुबह उनको पहले एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत में सुधार हुआ, लेकिन कुछ देर बाद उनको कार्डियोलॉजी संस्थान ले जाने को बोला गया। वह करीब एक बजे पिता को लेकर रावतपुर स्थित कार्डियोलॉजी संस्थान पहुंचे, यहां पर एक-दो जांच करने के बाद उनको मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल या हैलट अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। परिजन उनको मुरारी लाल चेस्ट ले गए।

आरोप है कि यहां पर मौजूद एक डॉक्टर के कहने के बाद भी साथ में मौजूद डॉक्टर ने उनको आईसीयू में भर्ती नहीं किया और न ही लिखित में हैलट अस्पताल रेफर किया। डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही की, जिस कारण पिता की मौत हो गई। मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ.संजय वर्मा ने बताया कि मरीज जब अस्पताल आया था तो उसकी स्थिति ठीक नहीं थी, जिसे देखते ही डॉक्टरों ने हैलट अस्पताल या कार्डियोलॉजी ले जाने को कहा था। इलाज में लापरवाही का आरोप गलत है।

### 40 छात्रों ने डेयरी का किया भ्रमण

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह के निर्देशन में शनिवार को कृषि व्यवसाय प्रबंधन विभाग के 40 छात्रों का दल औद्योगिक भ्रमण पर अमूल डेयरी प्लांट माती गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सीएल मौर्य ने झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया। इस दौरान छात्रों के साथ विभाग के समन्वयक डॉ. अंशू सिंह, डॉ. नीतू, डॉ. सौरभ सोनकर रहे। डॉ. अंशू ने बताया कि कृषि व्यवसाय प्रबंधन के छात्रों ने भ्रमण के दौरान दूध संग्रह, पाश्चुरीकरण और पैकेजिंग की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। छात्रों ने यह भी जाना कि दूध का पाउडर कैसे बनाता है। इसके अलावा बटर मिल्क का उत्पादन कैसे होता है। सप्लाई, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, प्रमोशन के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही आइस्क्रीम फैक्ट्री का भी दौरा किया। छात्रों ने डेयरी और चॉकलेट उत्पादन की गहरी समझ हासिल की। डॉ. सीएल मौर्य ने अमूल टीम का आभार व्यक्त किया।

### सीढ़ियों से गिरकर टाइल्स मिस्त्री की मौत

**कानपुर।** नौबस्ता गोपाल नगर निवासी 30 वर्षीय मोनू राजपूत की सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई। जीजा गौरव ने बताया वह टाइल्स लगाने का काम करता था। शुक्रवार शाम वह घर की सीढ़ियां चढ़ते समय फिसल गया। सिर बल गिरने से वह गंभीर रुप से घायल हो गया। आनन –फानन में उसे काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके परिवार में पत्नी सीता व दो वर्षीय बेटा है।

### डिवाइडर से टकराकर नाले में पलटी कार, तीन घायल

**कानपुर।** छावनी थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार कर डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन नाले में पलट गई। जिससे कार में सवार तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार सवारों को अस्पताल भेजा। छावनी थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि लखनऊ निवासी मोहम्मद आतिफ अपने दो साथियों के साथ कानपुर रिश्तेदार के यहां आ रहा था। कोयला घाट पर कार तेज रफ्तार होने के चलते अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर निर्माणाधीन नाले में पलट गई। गनीमत रही कि घटना से कार सवार तीनों मामूली रूप से घायल हुए।

# पहले ट्रक ने मारी टक्कर फिर वाहनों ने रौंद डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात गुजैनी हाईवे पर डयूटी से लौटकर घर जा रहे युवक को रोड क्रॉस करते समय ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दौरान पीछे से आ रहे दो बड़े वाहनों ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनों ने पास से मिले मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी।

दबौली -2 के रहने वाले 40 वर्षीय संजीव कुमार लालबंगला बाजार में एक कपड़े की दुकान में सेल्समैन का काम करते थे। परिजनों ने बताया कि संजीव, सीमा, राजीव और रेखा में सबसे

- गुजैनी के पास हाईवे पर दर्दनाक हादसा, ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहा था युवक

छोटे थे। बताया कि रोज की तरह वह शुक्रवार रात दुकान बंद कराकर किसी वाहन से गुजैनी हाईवे पर एक हॉस्पिटल के पास घर जाने के लिए उतरे थे। यहां से वह रोड क्रॉस कर रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मारकर फरार हो गया।लोग कुछ समझ पाते कि हाईवे पर तेज गति से दौड़ रहे दो वाहनों ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल और अन्य कागजातों के आधार पर शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी।

## जीआरपी एसपी ने देखा सेंट्रल का हाल

**कानपुर।** जीआरपी एसपी अष्टभुजा प्रताप सिंह ने दो दिन पहले सेंट्रल स्टेशन का वार्षिक निरीक्षण किया था। बैरक, भोजनालय व कार्यालय में गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई थी। एसपी के आदेश पर शनिवार को रेलवे कर्मियों ने बैरक, कार्यालय, भोजनालय आदि की साफ-सफाई की।

निरीक्षण के दौरान गंदगी देखकर एसपी बहुत नाराज हुए थे और साफ-सफाई कराने को कहा था। उसी सिलसिले में शनिवार को जीआरपी प्रभारी अनिल कुमार शर्मा की देखरेख में सफाई अभियान चला। जवानों के साथ सफाई कर्मी, रेलवे कर्मियों ने विशेष सफाई अभियान चलाया। बैरक, महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय, भोजनालय में जमा गंदगी बाहर निकाली गई।

# अंतिम संस्कार में गया युवक डूबा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फीलखाना थाना क्षेत्र में पड़ोसी महिला के अंतिम संस्कार में गया युवक घाट पर गंगा नहाने के दौरान गहरे में जाने के कारण डूब गया। घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो गोताखोर दौड़े, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। फीलखाना पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बजरिया वशीरगंज के रहने वाले रमेश प्राइवेट नौकरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके परिवार में पत्नी शकुंतला और दो बेटे अभिषेक व 18 वर्षीय रुद्र वाल्मीकि हैं। रुद्र घर पर ही रहता था। शुक्रवार को रमेश के पड़ोस में रहने वाली एक महिला की बीमारी के चलते मौत हो गई। अंतिम यात्रा


रुद्र वाल्मिकी।

भगवत दास घाट जानी थी और वहीं अंतिम संस्कार होना था। रुद्र भी इलाके के लोगों के साथ अंतिम यात्रा में शामिल होकर घाट पहुंच गया। क्रियाकर्म के बाद सभी गंगा नहाने लगे।

इस बीच रुद्र भी नहाने के लिये नदी में उतर गया। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया। खुद को डूबता देख वह शोर मचाने लगा।

- लोग चीखते-चिल्लाते रहे मगर कोई बचा नहीं सका
- गोताखोरों की मदद से काफी देर बाद निकाला गया

घाट पर मौजूद लोगों चीखपुकार सुनकर गोताखोरों को जानकारी दी। जब तक गोताखोर पानी में उतरे तब तक वह गहरे पानी में चला गया।

मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने कुछ ही देर में उसे पानी में ढूंढ़ लिया और उर्सला अस्पताल ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फीलखाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शनिवार सुबह रुद्र के शव का पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें डूबने से मौत की पुष्टि हुई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कसा शिकंजा | नगर आयुक्त के निरीक्षण में कल्याणपुर से आईआईटी तक मिले कूड़े के ढेर

# सफाई निरीक्षक और दर्जन भर कर्मचारियों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर की सड़कों से कूड़ा नगर निगम नहीं उठा पा रहा है। शनिवार को नगर आयुक्त के निरीक्षण में यह सामने आ गया। नगर आयुक्त को जीटी रोड पर कल्याणपुर से आईआईटी तक सड़क के दोनों ओर कूड़े के ढ़ेर मिले। जिसके बाद गुस्साए नगर आयुक्त ने सफाई निरीक्षक, सफाई नायक समेत एक दर्जन कर्मचारियों पर कार्रवाई की है। नगर आयुक्त ने जोनल स्वच्छता अधिकारियों को चेतावनी जारी की है गंदगी मिलने पर उन पर भी कार्रवाई होगी।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कल्यानपुर गुटैया क्रासिंग से



नगर आयुक्त के निरीक्षण के बाद कूड़ा उठने लगा। अमृत विचार

आईआईटी तक सड़क की दोनो पट्टियों पर काफी गन्दगी पायी गयी। कल्यानपुर सब्जी बाजार की ओर गन्दगी के ढ़ेर जगह-जगह पाये गये। साथ ही कल्यानपुर मेट्रो के पहले रेलवे की बाउण्ड्रीवाल पर भी कूड़े के ढेर पाये गये। नगर आयुक्त को कल्यानपुर से आईआईटी तक

- जोनल स्वच्छता अधिकारी को चेतावनी, बोले- अब होगी पूरी जिम्मेदारी

जगह-जगह सड़क पर गन्दगी मिली। नगर आयुक्त ने सफाई नायक मथुरा प्रसाद, विनोद, विमल व सचिन का एक-एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। साथ ही आउटसोर्स सफाई कर्मचारी सोनू पुत्र जगदीश एवं सोनू पुत्र बच्चू लाल का भी एक-एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने कहा कि भविष्य में यदि इन सफाई कर्मचारियों द्वारा कार्य में रुचि नहीं ली जाती है तो इन्हें तत्काल हटा दिया जाए और किसी अन्य की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

### दो सफाई नायकों को कारण बताओ नोटिस जारी

- नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने सफाई निरीक्षक सोबरन सिंह और अजय कुमार मौर्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं जोनल स्वच्छता अधिकारी विजय शंकर शुक्ला को शिथिल पर्यवेक्षण के लिए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश प्रभारी अधिकारी कार्मिक को दिये गये। नगर आयुक्त ने सभी जोनल स्वच्छता अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि आगामी त्योहारों को देखते हुए सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरती जाती है तो संबंधित जोन के जोनल स्वच्छता अधिकारियों को सीधे जिम्मेदार मानते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**कानपुर।** अरसे से फरार 25 हजार के इनामी रावेन्द्र विश्वकर्मा उर्फ रवि विश्वकर्मा निवासी डेरा रामपुर कसरौली थाना किशनपुर फतेहपुर को दो थानों की संयुक्त पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। छावनी थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि एक गैंगस्टर के मामले में आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसके बाद आलाधिकारियों के निर्देश पर उस पर 25000 रुपये का इनाम रखा गया था। पुलिस के अनुसार वह लालकुर्ती तिराहे पर किसी के इंतजार में खड़ा था। तभी घेराबंदी करके रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने फोर्स के साथ छावनी पुलिस के साथ मिलकर गिरफ्तार कर लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम इंद्रजीत से बदलकर इंद्रजीत चौहान रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एव समझा जाय। **–इंद्रजीत चौहान पुत्र भगवान दास, निवासी– ग्राम– बरसीपार छावनी टोला, पोस्ट चकोरवा बघेर दास, जिला देवरिया**

सूचना
सूचित हो कि पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय इटावा में प्रवेश के समय मेरे पुत्र का नाम आर्यन पुत्र सतीश दर्ज है। जबकि वास्तविक एवं सही नाम आर्यन कुमार पुत्र सतीश कुमार है। मेरे पुत्र का नाम आर्यन कुमार ही सही माना जावे। **–सतीश कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट दतावली, इटावा**

सूचना
सूचित हो कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय इटावा में प्रवेश के समय मेरे पुत्र अभी पुत्र सतीश कुमार दर्ज है। जबिक वास्तविक एवं सही नाम अभी कुमार पुत्र सतीश कुमार है। मेरे पुत्र का नाम अभी कुमार ही माना जावे। **–सतीश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी– ग्राम व पोस्ट दतावली इटावा**

सूचना
सूचित हो कि मैं **सावित्री देवी पत्नी पूर्णमाशी निवासिनी–ग्राम मेंहदीपुर, ब्लाक हरख, तहसील नवाबगंज, जनपद–बाराबंकी** मेरे आधार कार्ड जिसका नम्बर–8798 7233 6367 में मेरा नाम त्रुटिवश प्रेमा देवी अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम सावित्री देवी है। यहकि सावित्री देवी व प्रेमा देवी दोनों नाम स्वंय अर्थात मेरे है अन्य कोई दूसरी महिला इस नाम की नहीं है। अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सावित्री देवी अंकित किया जाय।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपने पुत्र शेख असफाक हुसैन एवं पुत्रवधू नाज फातिमा के गलत कार्य व्यवहारों से व्यथित होकर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किये गये किसी कार्य एवम् लेन–देन के प्रति मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **–जुवेद अहमद पुत्र सफदर अली निवासी–587ए/307, गाँधी नगर ई–ब्लॉक, तीसरी गली, तेलीबाग, लखनऊ, उ0प्र0–226002**


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919


## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-क्लीं श्री त्रिनेत्राय नम:।

**आज का मौसम**

धूल भरी आंधी के साथ बारिश की संभावना।

| 38.8⁰ | 20.0 |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:46 | सूर्यास्त 06:32 |

# हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए प्रोटीन युक्त चीजें जरूर खाएं

## जरूरी सलाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तेज धूप और गर्मी का मौसम सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है, जिसमें मुख्य रूप से हीट स्ट्रोक का खतरा शामिल है। दरअसल, शरीर में पानी की कमी के कारण लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए पानी अधिक पीना चाहिए और डाइट में प्रोटीन, विटामिन व कैल्शियम युक्त चीजों का सेवन करना चाहिए।

गर्मी शुरू होते ही लोगों में हीट स्ट्रोक की समस्या भी बढ़ जाती है। हीट स्ट्रोक कई बार जानलेवा भी साबित होता है। यह समस्या लोगों में मई और जून माह में अक्सर देखने को मिलती है। क्योंकि इन दोनों माह की गर्मी में तापमान 45 डिग्री से अधिक पहुंच जाता है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने हीट स्ट्रोक से सचेत रहने के लिए अप्रैल में एडवाइजरी जारी की है, ताकि लोग हीट स्ट्रोक से बच सकें। डॉक्टरों की सलाह है कि प्रतिदिन कम से कम तीन से चार लीटर पानी पीना चाहिए, जो शरीर के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यह शरीर में पोषक तत्वों के संचार और अपशिष्ट को दूर करने में मदद करता है। इसके अलावा पसीने के माध्यम से शरीर को ठंडा करके शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में पानी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की स्थिति में हीट स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है।

सीएमओ डॉ.आलोक रंजन के मुताबिक शरीर का सामान्य तापमान आमतौर पर 98.6F (37C) होता है। बुखार की स्थिति में यह 102-104F तक बढ़ जाता है, जिसमें शरीर पसीने का अधिक उत्पादन करके इस ताप को नियंत्रित कर लेता है, लेकिन हीट स्ट्रोक की स्थिति में पसीने का उत्पादन करने वाली ग्रंथियां ठीक से काम नहीं कर पाती हैं, जिससे तापमान बहुत अधिक होने का जोखिम हो सकता है।

जब हीट स्ट्रोक होता है तो शरीर का तापमान 10 से 15 मिनट के भीतर ही 106F या इससे अधिक हो सकता है। अगर व्यक्ति को आपातकालीन इलाज नहीं मिलता है तो हीट स्ट्रोक का कारक जोखिम हो सकता है। इसलिए पानी खूब पीये और डाइट में प्रोटीन, विटामिन व कैल्शियम युक्त चीजों को शामिल जरूर करें।

### ऐसे करें बचाव

- डाइट में विटामिन सी से भरपूर पोषक तत्व शामिल करें।
- हीट स्ट्रोक से बचने के लिए नींबू, संतरा व आंवला खाएं।
- धूप में निकलने से पहले आउटडोर एक्सरसाइज करें।
- पानी, नारियल पानी, छांछ, नींबू पानी जैसे तरल पदार्थ लें।
- खीरा, ककड़ी और मौसमी फलों का सेवन भरपूर करें।
- धूप से बचें और सूती, ढीले व हल्के रंग के कपड़े पहनें।
- बाहर निकलने पर सनस्क्रीन, टोपी और चश्मे का प्रयोग करें।




## होटल प्रबंधन के पांच छात्रों को मिली नौकरी

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट के बीएचएमसीटी पाठ्यक्रम के चतुर्थ वर्ष के पांच विद्यार्थियों निहित परिहार, तनिशा चौरसिया, शुभांकर यादव, शिवांश गुप्ता, शाल्वी सिंह को बीकानेरवाला में तीन तीन लाख से 3.36 लाख प्रति वर्ष मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में नियुक्ति मिली है। यह पहली बार है जब पांच विद्यार्थियों को एक साथ नौकरी मिली है।

विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि यह एक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि दूसरे शहरों के होटल, रेस्तरां से भी एमओयू किया जा रहा है। जिससे छात्रों को और अवसर मिलेंगे। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव ने छात्रों को बधाई दी है। स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट के प्रभारी शिवांशु सचान ने खुशी जताई है।

## शहर में आज



- **प्रभात फेरी :** डॉ.भीमराव आंबेडकर समिति की प्रभात फेरी कल्यानपुर आवास-विकास तीन में सुबह सात बजे।
- **जयंती :** दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर ब्रजेंद्र स्वरूप पार्क में आर्य सम्मेलन सुबह नौ बजे से।
- **बैठक :** ऑल इंडिया ईपीएस 95 संघर्ष समिति की मासिक बैठक रावतपुर बस अड्डे में 12 बजे।
- **सम्मान :** द ग्रेरियन्स यूथ मीट द्वारा मेधावी छात्रों व सांस्कृतिक प्रतिभाओं का सम्मान लाजपत भवन में 12:30 बजे।
- **गोष्ठी :** डॉ.भीम राव आंबेडकर की जयंती पर सपा कार्यालय में गोष्ठी दोपहर तीन बजे।
- **लोकार्पण :** किस्सा कचहरी बहती गंगा पुस्तक का लोकार्पण खलासी लाइन शास्त्री भवन में शाम चार बजे।

# जुलाई से हेपेटाइटिस बी और सी की जांच

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज बना कंट्रोल सेंटर
- मरीजों की जांच के साथ मुफ्त होगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हेपेटाइटिस बी और सी से ग्रस्त मरीजों को अब वायरल लोड की जांच निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों में नहीं करानी पड़ेगी। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में ही अब हेपेटाइटिस बी व सी के वायरल लोड की जांच होगी। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम का सेंटर बनाया गया है। इससे अब मरीजों की जांच में जहां आसानी होगी, वहीं इसका इलाज भी हो सकेगा।

हैलट अस्पताल में हेपेटाइटिस बी से ग्रस्त करीब 20 मरीज और हेपेटाइटिस सी से ग्रस्त करीब 10 मरीज प्रति सप्ताह पहुंचते हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग में हेपेटाइटिस बी व सी के वायरल लोड की जांच की अभी सुविधा नहीं है, इस लिहाज से माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग की ओर से सैंपल लखनऊ केजीयूएम भेजे जाते हैं, जहां से रिपोर्ट आने में कई सप्ताह लग जाते हैं। इससे मरीज को दिक्कत होने लगती है।

वहीं, प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर से जांच कराने पर मरीज को 12 से 15 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। इन मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसलिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज ने तैयारी कर ली है। कॉलेज को नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम का सेंटर बनाया गया है, जिसके नोडल अधिकारी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यट के गैस्ट्रोइंटोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार हैं।

प्राचार्य प्रो. संजय काला, डॉ.विनय कुमार व माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.सुरैया खानम के प्रयासों से कॉलेज में जुलाई माह के अंत या अगस्त के पहले सप्ताह से वायरल लोड की जांच शुरू हो जाएगी। कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में जांच शुरू होने पर रिपोर्ट भी कुछ दिनों में मिल जाएगी। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस सी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। कॉलेज में जांच शुरू होने के बाद दवा व इलाज की बेहतर सुविधा होगी। जल्द ही जांच शुरू होगी।




### ऐसे होता संक्रमण

- दाढ़ी व बाल कटवाते समय
- शरीर पर टैटू गुदवाने से
- असुरक्षित संभोग क्रिया से
- संक्रमित सिरिंज लगाने से

### साढ़े आठ हजार रुपये महीना आता दवा का खर्च

हेपेटाइटिस बी व सी के वायरल लोड की जांच निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों में 10 हजार से 15 हजार तक में होती है। यह जांच मरीजों को कई बार करानी पड़ती हैं। इसके अलावा मरीज की स्थिति के हिसाब से दवा का खर्च औसतन साढ़े आठ हजार रुपये महीना आता है। वहीं, आरएनए और डीएनए की जांच भी सभी पैथोलॉजी में नहीं हो पातीं। नोडल अधिकारी डॉ.विनय कुमार ने बताया कि आरएनए व डीएनए जांच के लिए किट की अनुमति मांगी गई है।

### 220 रोगियों को नहीं पता, कैसे हो गए संक्रमित

विशेषज्ञों के मुताबिक हेपेटाइटिस बी और सी का संक्रमण जाने अनजाने में हो रहा है। क्योंकि हाईजीन को लेकर लोग सजग नहीं हैं। मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोइंटोलॉजी विभाग में करीब 220 रोगी हेपेटाइटिस बी और सी का इलाज करा रहे हैं, लेकिन किसी को यह तक नहीं पता कि वह संक्रमित कब, कहां और कैसे हो गए। इनमें करीब 32 महिलाएं हैं। तय प्रोटोकॉल के तहत जांच कराने पर संक्रमण की पुष्टि हुई।

### हेपेटाइटिस सेंटर खुलने से फायदे

- 10 से 15 हजार कीमत की जांच होगी नि:शुल्क।
- 10 से 17 हजार तक की दवाएं हर माह मिलेंगी फ्री।
- शिविरों के माध्यम से जांचें होने पर रोगी होंगे चिह्नित।
- पंजीकृत संक्रमितों को एप के जरिये ट्रैक किया जाएगा।
- हेपेटाइटिस बी और सी के लिए जागरूकता कार्यक्रम।
- सेंटर और केंद्र सरकार की ओर से होगी मॉनीटरिंग।

# मौलाना ने किशोरी से किया रेप, पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गर्भवती होने पर किशोरी को खिलाई दवा, हालत बिगड़ने पर परिजनों को हो सकी जानकारी

**अमृत विचार।** किशोरी को बहला-फुसला कर एक मस्जिद के मौलाना चार माह तक दुष्कर्म करता रहा। गर्भवती होने पर किशोरी ने उसे बताया तो मौलाना ने उसने गर्भपात की दवा खिला दी। तबीयत बिगड़ने पर किशोरी ने परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया तो जांच में पता चला कि वह तीन माह की गर्भवती है। मां की तहरीर पर नौबस्ता पुलिस ने आरोपी मौलाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

नौबस्ता क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति मजदूरी करते हैं। उनके सात बच्चों में पांच बेटे और दो बेटियां हैं। घर के सामने रहने वाला सोनू हाफिज क्षेत्र की ही एक मस्जिद में मौलाना है। सोनू काफी समय से उनकी 14 वर्षीय बेटी को खाने-पीने की चीजें देने का लालच देकर घर बुलाता था। इस दौरान मौलाना उसके साथ दुष्कर्म करता रहा और शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता था, जिससे बेटी डरी-सहमी रहती थी।

किशोरी गर्भवती हो गई तो उसकी तबियत खराब रहने लगी। उसने सोनू को पूरी बात बताई तो चांद रात में उसने गर्भपात की गोली खिला दी, जिससे उसकी तबीयत और बिगड़ गई। ईद के दिन तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर बेटी ने सच बयां किया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच में पता चला कि वह तीन माह की गर्भवती है। नौबस्ता थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, जान से मारने की धमकी आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

# आईपीएल: सट्टा गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गिरोह के पास से 19 लाख की नकदी बरामद, विदेशी खातों से पैसों के ट्रांजेक्शन के मिले साक्ष्य

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र में क्राइम ब्रांच की टीम ने एक होटल में छापेमारी कर आईपीएल में सट्टा लगवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 19 लाख की नकदी बरामद की है। विदेशी खातों से ट्रांजेक्शन के साक्ष्य मिले हैं। इस छापेमारी में तीन सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया गया है।

सट्टेबाजी का खुलासा करते हुए डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव व एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र में स्थित होटल मे-फेयर के रूम नंबर 103 में आईपीएल सट्टेबाज गैंग के बारे में जानकारी मिली थी। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे फोर्स के साथ छापेमारी की गई, जहां पुलिस ने बर्रा क्षेत्र के लक्ष्मी विला केशवनगर निवासी मुख्य सरगना सुमित आनंद उर्फ सोमू, कानपुर देहात के मूसानगर थाना क्षेत्र के गौसगंज हाल पता साकेत नगर निवासी राहुल गुप्ता उर्फ मुदित और बर्रा के हरदेव नगर निवासी सुमित गुप्ता को गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी ने बताया कि पूछताछ और छानबीन के दौरान विदेशी खातों से भी पैसों के ट्रांजेक्शन के साक्ष्य मिले हैं, जिसकी गहनता से जांच की जा रही है। पूछताछ में सट्टेबाजों ने बताया कि दूसरे देशों की लीग में भी सट्टा लगवाते थे। मुख्य सरगना के चकेरी, किदवई नगर आदि थानों से जुआं व सट्टा के मुकदमों में जेल जाने की बात भी सामने आई है।



सटोरियो के पास से बरामद रुपये।

### माजा एप के रेट के हिसाब से लगाते थे सट्टा

- डीसीपी ने बताया कि सटोरियों ने पूछताछ में बताया कि वे लोग क्रिकेट माजा एप में आने वाले रेट के अनुरूप भाव लगाकर आईपीएल के मैचों पर जीत-हार का सट्टा लगवाते थे। मोबाइल के जरिए अपने एजेन्टों की मदद लेते थे। लेन-देन का सारा हिसाब गैंग का साथी रोहित गुप्ता अपने एजेन्ट के माध्यम से कराता था। इसका सारा हिसाब-किताब लैपटॉप के आई असिस्टेंट सॉफ्टवेयर के माध्यम से होता था।

### लैपटॉप, स्मार्टफोन और कैलकुलेटर बरामद

- डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों सटोरिये बेहद शातिर हैं। ये लोग पहले भी जेल जा चुके हैं। इनके बारे में संबंधित थानों से जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि शातिरों के पास से सट्टे के 19 लाख पांच हजार रुपये, एक लैपटॉप, सात कीपैड मोबाइल फोन, पांच स्मार्टफोन, एक कैलकुलेटर, सट्टे से संबंधित कागजात, एक कार और स्कूटी बरामद हुई है।

# कुत्ते से टकराई बाइक, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अर्मापुर क्षेत्र में आर्डिनेंस फैक्ट्री के पास हुआ हादसा, हादसे में पति और दो बच्चे भी घायल

**अमृत विचार।** अर्मापुर थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां बीमार पत्नी को बच्चों के साथ लेकर घर लौट रहे युवक की बाइक के आगे अचानक कुत्ता आ गया। कुत्ते से टकराकर बाइक काफी दूर तक फिसलती चली गई। हादसे में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि पति और बच्चे जख्मी हो गए। महिला को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

कानपुर देहात के मूसानगर क्षेत्र के कछगांव निवासी अमित मिश्रा ने बताया कि कुछ दिन से उनकी 30 वर्षीय पत्नी पूजा मिश्रा को बुखार आ रहा था। वह शुक्रवार को पत्नी को दिखाने के लिए दोपहर करीब 12 बजे हैलट अस्पताल आए थे। साथ में दो बच्चे श्रेया व सनी भी थे। दवा लेने के बाद वह घर लौट रहे थे। अर्मापुर में आर्डिनेंस फैक्ट्री के सामने अचानक सामने कुत्ता आ गया, जिसे बचाने में बाइक अनियंत्रित हो गई और घिसटते चली गई। हादसे में अमित और दोनों बच्चों को हल्की चोटें आईं, जबकि पत्नी के सिर में गंभीर चोट लग गई। राहगीरों की मदद से उन्हें हैलट अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मां की मौत से दोनों बच्चे गुमशुम सा हो गए। वह बार-बार मां के बारे में पूछ रहे हैं। अमित भौंती में एक फैक्ट्री में काम करता और वहीं पास में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहता था।



पूजा मिश्रा।

# बेटी से बात के विरोध पर शोहदे ने 45 थप्पड़ जड़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्वालटोली थाना क्षेत्र का मामला आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थाना क्षेत्र में बेटी से फोन पर बात करने का विरोध करने पर शोहदे ने पिता को 45 थप्पड़ जड़ दिए। जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर गए। पीड़ित ने ग्वालटोली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज निवासी व्यक्ति का आरोप है, कि ग्वालटोली निवासी आदित्य चौहान उसकी बेटी से बातचीत करता है। इस बात की जानकारी होने पर वह शुक्रवार को चचेरे भाई दिनेश के साथ खलासी लाइन स्थित आदित्य के घर पहुंचे और बातचीत का विरोध किया। आरोप है कि इसी बीच आदित्य का पिता अनिल गालीगलौज करते हुए बाहर आ गया और उन्हें 45 थप्पड़ जड़ दिए। जिससे वह गश खाकर वहीं पर गिर पड़े। आरोप है, कि उन लोदगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। किसी तरह वह जान बचाकर निकले और ग्वालटोली पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## झांसी रूट पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ी

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन से वाया उरई, झांसी, इटारसी, भोपाल होकर मुंबई जाने वाली सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों की रफ्तार अब बढ़ जाएगी। शनिवार को एडीआरएम इंफ्रा नवीन प्रकाश ने रेलवे ट्रैक का निरीक्षण कर ट्रेनों की गति 10 किमी प्रति घंटे और बढ़ाने की सहमति दी है। अब तक 100 ट्रेनें 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आती व जाती थीं। आदेश के बाद भीमसेन-झांसी रूट पर अब ट्रेनें 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेंगी।

सीतापुर मुंबई एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12108, गोरखपुर-मुंबई एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 20104, कुशीनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 22537 और पुष्पक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12533 सेंट्रल स्टेशन से होकर मुंबई जाती हैं। यह ट्रेनें कानपुर से होकर भीमसेन स्टेशन और आगे चलकर झांसी रूट पर रवाना होती हैं। इस रूट पर ट्रेनों के गति की जानकारी होने पर एडीआरएम इंफ्रा ने रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। ट्रैक के निरीक्षण में गति बढ़ाने योग्य पाया। इसके बाद रेलवे अधिकारियों और इंजीनियरों के बीच सहमति बनी।

**नया प्रयोग** हैदराबाद की कंपनी ने तैयार किए हेलमेट, सात हेलमेट सौंपे गए, एक बार चार्जिंग से आठ घंटे करेगा काम

# ट्रैफिक सिपाहियों को एसी हेलमेट देगा गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आठ से 10 घंटों तक कड़ी धूप में खड़े होकर यातायात का संचालन करने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को अब गर्मी से राहत मिलने वाली है। शनिवार को डीसीपी ट्रैफिक ने सात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को एसी हेलमेट सौंपे, जो उनको कड़ी धूप में एसी जैसी ठंडक प्रदान करेंगे। साथ ही हेलमेट में लैस हार्ड प्लास्टिक शील्ड युक्त गॉग्ल्स उनकी आंखों को धूप से राहत देगी।

मार्च का महीना शुरू के बाद से ही सूरज के तेवर दिन प्रतिदिन लगातार तल्ख होते जा रहे है। तेजी से बढ़ रहे तापमान में आठ से 10 घंटे तक चौराहों पर खड़े होकर यातायात का संचालन करने में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए शनिवार को टाटमिल चौराहे पर सात पुलिसकर्मियों को एसी हेलमेट दिए गए। इस हेलमेट को लगाने से कड़ी धूप में सिर में ठंडक महसूस होगी और आंखों को भी राहत मिलेगी।

डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी से ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को राहत दिलाने के लिए यह कदम उठाया गया है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने हैदराबाद की जेयूबीएल कंपनी से ट्रायल के रूप में सात हेलमेट लिए है, जिनमें प्रत्येक हेलमेट की कीमत 12 हजार रुपये है। अभी ट्रायल के रूप में चौराहों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को हेलमेट दिए गए है। अच्छे परिणाम आने पर सभी प्रमुख चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मियों को हेलमेट दिए जाएंगे।



डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने ट्रैफिक सिपाही हेलमेट सौंपा। अमृत विचार

### तल्ख धूप में आंखों को भी देगा ठंडक

- डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि यह हेलमेट विशेष तकनीक से तैयार किए गए हैं, जिससे धूप में खड़े रहने पर भी सिर में ठंडक का अहसास होगा। हेलमेट को एक बार चार्ज करने से करीब आठ घंटे तक काम करेगा। चार्जिंग कम होने पर हेलमेट ब्लिंग करने लगेगा, जिससे बैटरी के कम होने की जानकारी होगी। हेलमेट में हार्ड प्लास्टिक शील्ड युक्त गॉगल्स भी लगे हुए है, जिससे पुलिसकर्मियों की आंखों का धूप से बचाव होगा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## एक नजर

### सदस्यों को मतदान के लिए किया गया जागरूक

**कानपुर।** मर्चेंट चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से मतदाता जागरुकता अभियान के तहत सदस्यों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। सदस्यों को बताया गया कि अपनी वोट निधि को पहचाने और सही चयन करके राष्ट्र निर्माण के लिए अपना जनप्रतिनिधि चुने। इस मौके पर मर्चेंट चैंबर ऑफ यूपी के सदस्यों ने चुनाव में सक्रियता व सहभागिता दर्ज कराने का संकल्प लिया।

### बिनौर क्रॉसिंग पर कैमरा लगवाने के निर्देश

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने सचेंडी थानाक्षेत्र में बिनौर क्रॉसिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल को निर्देशित किया कि बिनौर क्रॉसिंग सचेंडी से गुजरने वाले हाईवे से जुडा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए बिनौर क्रॉसिंग को ऑपरेशन त्रिनेत्र से जोडकर सीसीटीवी का व्यवस्थापन कराया जाए।

### सीसीटीवी कैमरे से लैस की गई चौकी और चौराहा

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नरेट कानपुर और नगर निगम के तत्वाधान में चल रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र एंबेस्डर प्रोग्राम के अन्तर्गत विभिन्न समाजिक व व्यवसायिक संगठन शहर वासियों की सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग देने के लिए तिराहों एवं चौराहों को गोद लेकर सीसीटीवी स्थापित कराने से सबंधित सहमति पत्र प्रदान किया गया था। त्रिनेत्र एंबेस्डर गोल्डी,एएफपीएल, केस ज्वैलर्स ने इसी क्रम में शनिवार को क्रमश: चौकी फेथफुलगंज, कचेहरी न्यू बिल्डिंग, न्यू स्पीड कोचिंग चौराहा को कुल 12 सीसीटीवी से लैस किया है।

# 3000 कांग्रेसी भाजपा में शामिल

- पूर्व विधायक अजय कपूर ने अपने समर्थकों को दिलाई सदस्यता
- अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूरा करने को चुनाव में जुटने का आह्वान

**विधानसभा अध्यक्ष और क्षेत्रीय अध्यक्ष मौजूद रहे**



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का स्वागत करते अजय कपूर। अमृत विचार

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस से भाजपा में शामिल पूर्व विधायक अजय कपूर ने कांग्रेस को एक और झटका दिया है। उन्होंने शनिवार को एस्सेल पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल से जुड़े करीब तीन हजार कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, कानपुर उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी, लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी मणिकांत जैन, रामशरण कटियार, कोपेस्टेट विजय कपूर ने पटका पहनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को भाजपा में शामिल कराया। अगले कार्यक्रम में 25 हजार महिलाओं को पार्टी में शामिल कराने की तैयारी पर चर्चा भी हुई। पूर्व विधायक अजय कपूर ने कहा कि भाजपा में आने पर गौरवान्वित महसूस करता हूं। यह कार्य मुझे 30 वर्ष पहले ही कर लेना चाहिए था। हर राष्ट्रभक्त मोदी जी से प्रेम करता है और उनके साथ है। उन्होंने कानपुर से भाजपा की भारी मतों से जीत का संकल्प दोहराया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने हैं। यूपी में सभी 80 सीटें जीतकर अबकी बार 400 पार का सपना पूरा करने में सभी को जुट जाना चाहिए।

### इन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

- भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में अखिलेश दीक्षित, बल्देवराज मल्होत्रा, एसडी पांडे, डॉ जेएस नारंग, गिरीश गुप्ता, संगीत तिवारी, अशोक मिश्रा भूटानी, अंकित पाल, विजय अग्रवाल, योगेंद्र सिंह, अंकित पाल, सिद्धार्थ सिंह, दिनेश अग्निहोत्री, शिव प्रसाद लोधी, प्रमोद जायसवाल, दिनेश पांडे, प्रिंसू शुक्ला, राकेश मिश्रा आदि ने सदस्यता ली। इस मौके पर उद्यमी सचिन कपूर, अम्बुज शुक्ला, सचिन त्रिपाठी, संगीत शर्मा जैकी, अनिल यादव पार्षद, दीपक त्रिवेदी, अरविंद त्रिवेदी, जितेंद्र मिश्रा, अमित जायसवाल, सुनील कनौजिया, उमंग शुक्ला, नीरज चड्ढा आदि लोग हैं।

### दो विधायक और दोनों सांसद नहीं पहुंचे

- पूर्व विधायक अजय कपूर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम से भाजपा के दोनों सांसद और दो विधायक नहीं पहुंचे। किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी और गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी, सांसद सत्यदेव पचौरी और अकबरपुर से सांसद एवं प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले का उपस्थित न होना चर्चा का विषय बना रहा। बताया गया कि पचौरी थोड़ा अस्वस्थ हैं। कानपुर लोकसभा क्षेत्र के कार्यक्रम प्रभारी जगदीश तिवारी ने कहा कि विधायक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में व्यस्त रहे होंगे। पार्टी का मजबूत होता आधार प्रत्याशी की भारी मतों के अंतर से जीत का सीधा संकेत है।

# अमिताभ व आलोक समेत 200 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर

- अरमापुर ईदगाह में राजनैतिक बैनर लगाने के बाद पुलिस से हुआ था विवाद
- डीसीपी पश्चिम ने मामले की जांच एडीसीपी को थी सौंपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार को ईद के मौके पर अर्मापुर ईदगाह में राजनीतिक पोस्टर लगाने के आरोप में पुलिस और सपा नेता सम्राट विकास यादव के बीच हुए विवाद और हंगामे के बाद मामले की जांच एडीसीपी पश्चिम विजयेंद्र द्विवेदी ने पूरी कर ली है। एडीसीपी ने मीडिया कर्मियों, पुलिस कर्मियों व आसपास के लोगों से 40 वीडियो व 24 से ज्यादा फोटोग्राफ जुटाकर साक्ष्य एकत्रित किए जिसके बाद शनिवार देर रात पनकी थाने में पांच नामजद सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा, संजय यादव, ओमा, रवि सिंह समेत 200 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा सरकारी कार्य में बाधा, उपद्रव समेत अन्य संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

ईद पर सपा नेता सम्राट विकास यादव ने अर्मापुर ईदगाह के सामने पानी के कैंप में राजनैतिक बैनर लगाने का आरोप था। पुलिस का कहना था कि टोके जाने पर सपा नेता पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। आरोप है, कि सपा नेता ने लोगों को सड़क पर नमाज पढ़ने के लिए भी उकसाने का प्रयास किया। सपा नेता के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन व सरकारी काम में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार भी किया था। सम्राट को गिरफ्तारी की सूचना पाकर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई और गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा भी वहां पहुंच गए। मामले की जानकारी जैसे ही पार्टी कार्यकर्ताओं को हुई तो वह लोग भी वहां पहुंच गए और घेराव कर धरना प्रदर्शन शुरू हुआ था। इसके बाद आलाधिकारियों को सूचना से अवगत कराया गया। मामले में पहुंचे एसीपी तेज बहादुर सिंह से विधायक की काफी तीखी नोकझोंक हुई थी। एडीसीपी ने बताया कि जांच पूरी कर ली गई है। गंभीर प्रकरण में वीडियो के अवलोकन से ये साबित हुआ है कि कानून का उल्लघंन किया गया। बताया कि वीडियो में ये स्पष्ट हो रहा है कि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने और सम्पूर्ण कमिश्नरेट में धारा 144 लागू होने के बावजूद, बिना पूर्व अनुमति के समय थाना पनकी पर आकर आक्रामक भाषाशैली में अतार्किक बाते करते हुए अविधिक धरना प्रदर्शन किया गया, जिसके कारण लगभग एक घण्टे से अधिक समय तक कार्य सरकार बाधित रहा तथा लोक सेवकों के लोक कृत्य के निर्वहन में बाधा उत्पन्न हुई। विभिन्न प्रयोजनों से थाने पर आने वाली आम जनता व पुलिस का इस दौरान थाना परिसर में आवागमन भी बाधित हुआ। इस दौरान थाने पर अपने कार्य के लिए आये हुए आगन्तुकों को बिना उनका कार्य पूर्ण हुए उपरोक्त धरना प्रदर्शन के कारण वापस लौटना पड़ा। ईद का त्यौहार होने के कारण सभी राजपत्रित अधिकारीगण अपने-अपने आवंटित क्षेत्र में डियूटीरत थे। उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा किये जा रहे अविधिक धरना प्रदर्शन के कारण 03 राजपत्रित अधिकारियों व क्यूआरटी पुलिस बल को अपना डियूटी क्षेत्र छोडकर थाना पनकी पर आना पडा, जिसके कारण अन्य थाना क्षेत्रों में भी कार्य सरकार प्रभावित हुआ। इसके अतिरिक्त, उपरोक्त व्यक्तियों व इनके समर्थकों द्वारा अभद्र, विद्वेषपूर्ण व क्षोभपूर्ण भाषा का प्रयोग किया जाना जांच से पाया गया है।

## चुनावी कवायद

### अकबरपुर लोकसभा का नाम हनुमंतपुर करने की मांग

**कानपुर।** भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने शनिवार को प्रेसवार्ता में कहा कि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीट अकबरपुर मुगल शासक अकबर के नाम पर है, जबकि क्षेत्र में कई इतिहास से जुड़े मंदिर हैं। क्षेत्र में कुड़नी का हनुमान मंदिर, भीतरगांव का श्री जगन्नाथ मंदिर, घाटमपुर का मां कूष्मांडा देवी मंदिर , अकबरपुर का मां काली मंदिर, महाराजपुर का बाला जी मंदिर और मैथा में श्री बाला जी दरबार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग है कि लोकसभा क्षेत्र का नाम अबकरपुर से हनुमंतपुर लोकसभा किया जाए।


जीत प्रताप सिंह।


कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने जनसंपर्क किया। अमृत विचार

### जनता के सुख-दुख का साथी बनूंगा: आलोक

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस से प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने शनिवार को बर्रा, पनकी, स्वराज नगर, दलेलपुरवा, कुली बाजार, कैंट, कौशलपुरी, चुन्नीगंज, दर्शनपुरवा, मकर्राबटगंज, श्याम नगर व घसियारी मंडी समेत अन्य क्षेत्रों में लोगों से जनसंपर्क किया। जीटी स्थित गुरूद्वारा बन्नू साहेब में मथा टेका। कहा कि वह सदैव जनता के साथ हर दुख व सुख में साथ रहेंगे। भाजपा सरकार में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। सपा नेता सम्राट यादव, बालकृष्ण मिश्र, कानपुर स्कूल वेलफेयर एसो. के संरक्षक डॉ. संजय कपूर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, वरुण जायसवाल, मुकेश बाल्मीकी, सुरेश राका बाल्मीकी, प्रद्युम्य अवस्थी, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र यादव, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।


जनसंपर्क के दौरान लोगों के साथ सपा प्रत्याशी राजाराम पाल । अमृत विचार

### संविधान खत्म करने का कुचक्र रच रही भाजपा: राजाराम

**कानपुर।** अकबरपुर लोस सीट से सपा प्रत्याशी राजाराम पाल ने शनिवार को कल्यानपुर, नौरंगा, मेहरअलीपुर, भटपुरवा, भदवारा, चंदापुर, कमलापुर, बैरीपुर, पंचकुरा, धतुरीपुर, हरबंशपुर समेत अन्य क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। कहा कि मोदी सरकार एक देश एक चुनाव की बात कहकर भारत के संविधान की प्रस्तावना की मूल भावना को समाप्त करने का कुचक्र रच रही है। पूर्व विधायक इंद्रजीत कोरी, सोमवती, रामू वर्मा, अमर, सलमान, शकील अहमद, सुशील पाल, सुरेश पाल, विजय यादव, रघुवीर यादव समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## अभिमन्यु बने मंडल प्रभारी

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर व्यापारी और वैश्य समाज को पार्टी से जोड़ने के लिए सपा नेता अभिमन्यु गुप्ता को लोकसभा चुनाव के लिए सपा की व्यापार प्रकोष्ठ का कानपुर मंडल प्रभारी बनाया गया। सपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि व्यापारी और वैश्य वर्ग भाजपा सरकार में हुए उत्पीड़न और अन्याय से आहत है। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता को कानपुर नगर, अकबरपुर, कन्नौज, औरैया, इटावा व फर्रुखाबाद की विशेष जिम्मेदारी दी गई है। अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि सभी लोक सभाओं में व्यापार सभा के पदाधिकारियों के साथ मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जितवाने का काम किया जाएगा। हर बूथ पर पहले की तुलना में 50 व्यापारियों का वोट बढ़वाने का लक्ष्य है।


अभिमन्यु गुप्ता।

# शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मतदान को राष्ट्र धर्म मानते हुए शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही रामराज की शुरुआत मानने वाली विश्व हिंदू परिषद कानपुर दक्षिण शाखा के कार्यक्रम में घर-घर रामोत्सव मनाने को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का श्रीगणेश विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना, प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने श्रीरामजानकी दरबार का पूजन अर्चन करके किया। विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामलला के साथ उनकी मर्यादाओं व हिन्दू संस्कृति की भी पुनः प्राणप्रतिष्ठा हुई। इस दिन यह सिद्ध हो गया कि राम ही राष्ट्र हैं और राष्ट्र ही राम हैं। पूज्य सन्तों और महापुरुषों के संकल्प, दूरदृष्टी और बलिदानों के बिना यह गौरवशाली पल नहीं आ सकता था।

उन्होंने कहा कि उन सभी ज्ञात-अज्ञात संतों-महापुरुषों को वंदन है, हिन्दू समाज सदैव उनका आभारी रहेगा। 22 जनवरी 2024 के पश्चात् एक नए युग का आरंभ हो गया है। अब राम मंदिर से रामराज्य की यात्रा आरम्भ हो गई है। महाना ने कहा कि यह एक सभ्यता का संघर्ष है जिसमें हिन्दू सभ्यता के सांस्कृतिक जीवन मूल्य स्थापित हो रहे हैं।


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अमृत विचार

- घर-घर रामोत्सव मनाएंगे विहिप के कार्यकर्ता

महाना ने कहा कि वर्तमान कालखण्ड भारत के लिए गौरवशाली तथा सकारात्मक परिवर्तन का कालखण्ड है। विहिप प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने कहा कि हिन्दू समाज अनुशासित, संस्कारित, मर्यादित, कर्तव्यनिष्ठ और धर्माधारित जीवन जीने वाला समाज निर्माण करे। पोरवाल ने कहा कि समरस, समृद्ध, सशक्त, सुरक्षित व संगठित समाज निर्माण में सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभायें।

महिलाओं की गरिमा और सहभागिता सुनिश्चित करने वाला बने। चैत्र प्रतिपदा से हनुमान जयंती तक घर घर रामोत्सव के कार्यक्रम हो रहे हैं। आयोजन में विहिप जिला मंत्री ज्ञानेंद्र गुप्ता, विभाग सह संयोजक दिलीप बजरंगी, वैभव अग्रवाल, विशेष जी, गौरव सोनकर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बहुजन मुक्ति पार्टी ने उतारा अपना प्रत्याशी

- पार्टी की ओर से जारी किया गया घोषणा पत्र
- कहा, देश में 400 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बहुजन मुक्ति पार्टी ने शनिवार को प्रेस क्लब में वार्ता के दौरान अपना घोषण पत्र जारी किया। पार्टी के प्रधान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष छेदी खोटे ने बताया कि बहुजन मुक्ति पार्टी देश में 400 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने पर काम कर रही है। नगर के 43 लोकसभा क्षेत्र से मनोज भटनागर बाल्मीकि को प्रत्याशी उतारा है। पार्टी 65 मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरी है।

प्रधान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कहा कि देश में कांग्रेस व भाजपा की सरकार 75 वर्षों से है। इन्हीं दोनों पार्टियों ने बदल-बदलकर राज किया है और जनता बेहाल हुई है। दोनों पार्टियों ने मिलकर एससी-एसटी, ओबीसी के साथ धोखेबाजी की है। दोनों पार्टियों का मकसद भारत के संविधान को खत्म करना है। इसलिए बहुजन मुक्ति पार्टी विकल्प के तौर पर जनता के बीच जा रही है। उनकी पार्टी आंबेडकर और कांशीराम के विचाधारा पर चलने वाली है।

प्रत्याशी मनोज भटनागर बाल्मीकि ने कहा कि समान शिक्षा व्यवस्था लागू कराने, निजीकरण को समाप्त करने, सफाई कर्मचारियों को स्थायी नौकरी, प्रत्येक परिवार में एक सरकारी नौकरी और देश के नागरिकों के लिए उचित स्वास्थ्य सुरक्षा कानून बनवाना उनका संकल्प होगा। इस मौके पर करिश्मा दिवाकर, आरपी त्यागी, मो. इकबाल, राज नारायण, शंकर लाल, सुरेश कुशवाहा, विजय यादव आदि रहे।


www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


## कमिश्नर ने चुनाव को लेकर दिए निर्देश

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने थाना सचेंडी का आकस्मिक निरीक्षण किया। थाने के अभिलेखों, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस व त्योहार रजिस्टर और चुनाव रजिस्टर चेक किए गए तथा स्वंतत्र थाना प्रभारी डॉ अमोल मुरकुट (प्रशिक्षु आईपीएस) से क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों के क्रियाकलापों की वर्तमान स्थिति व निगरानी के बारे में जानकारी की गई।

उन्होंने लोकसभा चुनाव को देखते हुए बीट उप निरीक्षक, बीपीओ से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। वहीं क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केन्द्रो व पोलिंग बूथों की समीक्षा कर ली जाए तथा संवेदनशीलता के कारणों का परीक्षण करते हुए चुनाव में गड़बड़ी करने वाले अराजकतत्वों को चिन्हित कर लिया जाए। विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों पर अतिक्रमण हटवाकर यातायात व्यवस्था बनाये रखी जाए किसी भी परिस्थिति में जाम न लगने पाए। निरीक्षण के समय पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल, अपर पुलिस उपायुक्त विजेन्द्र द्विवेदी, सहायक पुलिस आयुक्त पनकी तेजबहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।


चौबेपुर क्षेत्र में अर्द्धसैनिक बल ने रूट मार्च किया। अमृत विचार

### पुलिस, अर्द्धसैनिक बल ने रूट मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास

**चौबेपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। अपराधियों की धरपकड़ के साथ अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को अर्द्धसैनिक बल के साथ पुलिस ने क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पैदल गश्त कर ग्रामीणों को सुरक्षा का अहसास कराया।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


## आयोजन

**जिलाध्यक्ष बोले, जाति जनगणना के बगैर गरीबों को राहत की उम्मीद नहीं , सपा कार्यालय में बीपी मंडल की मनाई गई पुण्यतिथि**

# समाजवादी पार्टी ने जातिगत गणना की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल ने वर्ष 1979 में पूरे देश में घूमकर पिछड़ों, शोषितों व गरीबों के लिए गठित मंडल कमीशन का पूरा आकलन कर एक रिपोर्ट तैयार की थी। मंडल कमीशन की रिपोर्ट उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह को दी, जिसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण लागू किया था। यह जानकारी देते हुए सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने जातिगत जनगणना की मांग उठाई।


सपा कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल के कार्य बताते जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद, साथ में वरिष्ठ उपाध्यक्ष और महासचिव। अमृत विचार

नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में सपाइयों ने शनिवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की पुण्यतिथि मनाई। बीपी मंडल सामाजिक चेतना के प्रतीक और पिछड़ें, दलित व गरीबों के चिंतक थे। सपा दक्षिण क्षेत्र के मतदान प्रभारियों व पूर्व छात्र नेताओं के साथ सपा पदाधिकारियों ने उनकी याद में गोष्ठी की। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि देश में सन् 1931 में पहली बार जाति जनगणना हुई थी, जिसे अब रोक दिया गया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जाति जनगणना पर कृत संकल्पित हैं। जाति जनगणना होने के बाद गरीबों, पिछड़ों, शोषितों व अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा हो सकती है। बिना जनगणना कराए गरीबों का हित नहीं होगा।

### गरीबों और शोषितों के लिए संघर्ष करते रहे बीपी मंडल

महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने कहा कि बीपी मंडल दो बार विधायक, तीन बार सांसद और एक बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं। वह बड़े घराने के होने के बावजूद देश के गरीबों व शोषितों के हितों के लिए संघर्ष और सेवा के लिए हमेशा अग्रणी रहे। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, सत्यनारायण गहरवार, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, हरभजन यादव, राजेंद्र जैसवाल, शादाब आलम, तौसीफ सिद्दीकी, अब्दुल वहीद मंसूरी, रजत मिश्रा, अनिल चौबे समेत आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार डंपर ने कार में मारी टक्कर, किन्नर- चालक की मौत

## घाटमपुर से लौटते वक्त हुआ हादसा, घटना के बाद चालक डंपर छोड़ भाग निकला

संवाददाता, बिधनू




**अमृत विचार।** क्षेत्र के हरबसपुर गांव में शनिवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार सवार एक किन्नर व चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं साथी किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गया। बवाल की आशंका से पुलिस दोनों शवों को सीएचसी ले गई। घटना के बाद चालक डंपर छोड़ मौके से भाग निकला।

गल्लामंडी निवासी 45 किन्नर सिमरन शनिवार सुबह साथी किन्नर 21 वर्षीय मनीषा व 24 वर्षीय चालक आकाश के साथ कार से घाटमपुर गए हुए थे। दोपहर को सभी कार से लौट रहे थे। हरबसपुर गांव के पास सामने आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार सवार चालक आकाश व किन्नर सिमरन की मौके पर मौत हो गई। वहीं किन्नर मनीषा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद डंपर मौके पर छोड़कर चालक भाग निकला। पुलिस दोनों शवों को मौके से हटाकर सीएचसी ले गई। थाना प्रभारी प्रेम चन्द्र कनौजिया ने बताया कि डंपर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

### ट्रक पर चढ़े क्लीनर की गिरने से गई जान

**कानपुर।** शुक्रवार रात उन्नाव के पुरवा में चेकिंग के दौरान पुलिस के कहने पर ओवरलोड नापने के लिए ट्रक के ऊपर चढ़ा क्लीनर नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस पर चालक उसे पास के नर्सिंगहोम ले गया और उपचार कराया। चालक के अनुसार इसके बाद वह उसे लेकर पतारा स्थित घर जा रहा था तभी माधवबाग के पास क्लीनर की तबियत बिगड़ गई। जिस पर एंबुलेंस बुलाकर क्लीनर को सीएचसी ले गया जहां उसने दम तोड़ दिया। पतारा के रहने वाले 55 वर्षीय देवेंद्र कुमार घाटमपुर गोवर्धन निवासी चालक रामभजन के साथ ट्रक में अरसे से क्लीनर था। चालक रामभजन ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात को ट्रक में मौरंग लादकर दोनों लखनऊ जा रहे थे। आरोप लगाया कि उन्नाव पुरवा में पुलिस चेकिंग लगी हुई थी। पुलिस ने ओवरलोड नापने के लिए देवेंद्र को ट्रक के ऊपर चढ़ा दिया। जिससे वह अनियंत्रित होकर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर पर चोट लगने की वजह से पुलिस की मदद से उसे पास के नर्सिंगहोम पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे भेज दिया गया। वह ट्रक से देवेंद्र को लेकर पतारा स्थित उसके घर छोड़ने जा रहे था। माधव बाग बाजार के पास देवेंद्र की अचानक तबियत बिगड़ने लगी। जिस पर उसने तुरंत पास के एक क्लीनिक ले गया। जहां से उसने 108 एम्बुलेंस को बुलाकर बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में बिधनू थाना प्रभारी प्रेम चन्द्र कनौजिया ने बताया कि उन्नाव के पुरवा थाना को घटना की जानकारी देकर क्लीनर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## डॉ. आंबेडकर को किया नमन

**बिल्हौर।** भारत रत्न भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर दर्जनों गांव में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम धर्म सेवक के साथ बौद्ध धर्म के अनुयायी डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के आदर्शों पर चलने वाले सैकड़ों युवाओं ने एक साथ यात्रा निकाली। कानपुर देहात के अंत गांव से लेकर पलिया वास खेड़ा ककवन सलेमपुर आने गढ़वा जमौली से होकर पूरे तक निकलने वाली यात्रा में सैकड़ों युवाओं ने रैली में शामिल हुए। ककवन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने कहा कि बाबा साहब के दिखाए गए रास्तों पर हमसब चलकर संविधान की रक्षा करेंगे और समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही बाबा साहब द्वारा कराए गए तमाम सामाजिक उत्थान के कार्यों पर भी अलग-अलग वक्ताओं ने प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रमुख रूप से कमेटी के प्रेमचंद गौतम, हरिपाल सिंह गौतम, सचिन कुमार गौतम मुकेश कुमार गौतम आदि सैकड़ों युवा मौजूद रहे।


कुलपति का पुतला फूंकते छात्र। अमृत विचार

## छात्रों ने कुलपति का पुतला फूंककर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के छात्रों ने शनिवार को विवि परिसर में कुलपति विनय पाठक का पुतला फूंका और पूर्व के प्रदर्शन व मामलों की जांच सेवानिवृत्त जज से कराने की मांग की है।

छात्रों ने कहा कि विवि प्रशासन व कुलपति छात्रों के साथ तानाशाही व दुर्व्यवहार करते हैं। यहां तक कि विवि ने छात्रवृत्ति का गलत डाटा भेजा है। जब छात्रों ने विवि अधिकारियों से संपर्क किया व मदद मांगी तो उनकी नहीं सुनी गई। दो सप्ताह से छात्र लगातार विवि कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई मदद नहीं मिल रही है। इसी से नाराज सैकड़ों छात्रों ने कुलपति कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया तो कई छात्रों को निष्कासित कर दिया गया है। यहां तक एक छात्रा के साथ अभद्रता की गई है।

छात्रा को कुछ शिक्षकों ने जाति सूचक शब्द भी कहे। जब छात्रा ने विरोध किया तो उसे व उसके साथियों को निष्कासित किया गया है।

## युवक को पीटने वाले को दबोचा

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मकान पुरवा गांव में दो हफ्ता पूर्व युवक को कमरे में बंद कर बुरी तरह से पीटने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार रात आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। क्षेत्र के जोरावरपुर गांव निवासी धीरज पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था की बीती 30 मार्च को मकानपुरवा, निवासी अमन ठाकुर ने उसे बहाने से अपने घर पर बुलाया था। इसके बाद कमरे में बंद कर उसे लाठी डंडों से जमकर पीटा। जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। इतना ही नहीं मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिस पर पुलिस ने एक अप्रैल को अमन पुत्र नारायण के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू की थी। शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक सुरेश कुमार व पवन राजपूत ने आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए युवक के खिलाफ थाने में दो मुकदमे पंजीकृत हैं, उसे जेल भेजा गया है।

# कथक वंदना प्रस्तुत कर जमाया रंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रंजना देवी संगीत संस्था व ध्रुपद केंद्र की ओर से शनिवार को यूनाइटेड पब्लिक स्कूल के रोहतगी आर्ट गैलरी में नादोपासना संगीत का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से हुआ। स्वाति द्विवेदी व उनके शिष्यों ने कथक वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग जमाया।

ध्रुपद गायन शैली में शाश्वत पांडेय व अक्षिता अवस्थी ने राग भुपाली पर आधारित चारताल आदिशक्ति भवानी व सूल ताल तू भी मेरो सब की प्रस्तुति की। दोनों ध्रुपद गायकों का युगल गायन प्रभावशाली रहा। इसके बाद ऋषभ शुक्ला ने भजन बजे मुरलियां बजे और अशुतोष दीक्षित ने चतुरंग देखो आज मुरलियां बाज़ी गाकर सबको मंत्रमुग्ध किया। तबले पर शुभम वर्मा, जसप्रीत, प्रखर ने संगत की। गायिका अनुष्का बाजपेई ने ख्याल गायन से सभी को मोहित किया।

लखनऊ की ध्रुपद गायिका कृति गुप्ता ने राग यमन पर चौताल की रचना प्रस्तुत की। इसके बाद अदर्श गुप्ता ने तानपूरा संगति और मनोज श्रीवास्तव के ख्याल गायन से कार्यक्रम समाप्त हुआ। मनोज ने अपने गायन की शुरूआत राग मालकौंस के बड़े ख्याल पग लगान दे महाराज व छोटा ख्याल हम खोजी खोजी गए हार से किया। इस मौके पर डॉ. इंद्रमोहन रोहतगी, पंडित विनोद कुमार द्विवेदी, रंजना द्विवेदी, आशुतोष शुक्ला, आयुष द्विवेदी मौजूद रहे। आयुष द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गौशाला में धूप से बचाने का हो इंतजाम

**बिल्हौर।** ककवन कस्बा स्थित ग्राम पंचायत की अस्थाई गौशाला मे पहुंचे हकीकत देखने पहुंचे देर शाम तहसीलदार तिमराज सिंह ने गौशाला की हकीकत देखते हुए अन्ना मवेशियों को धूप से बचने के साथ बीमार गायों को तुरंत उपचार करने के दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गौशाला में लगभग 66 गोवंश मिले जिसमें तीन गोवंश बीमार भी मिले। जिनके उपचार के लिए केयरटेकर को तहसीलदार की ओर से दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही दोपहर की धूप से मवेशियों को बचाने के लिए तिरपाल व छाया का प्रबंध करने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि शुक्रवार को ही गौशाला में बरेली मंडल के अपर निदेशक पशुपालन ललित कुमार वर्मा ने निरीक्षण किया था जबकि कानपुर जनपद के अन्य गौशालाओं के हाल बुरे हैं।

# एचबीटीयू के छात्रों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एचबीटीयू में शनिवार को वार्षिक खेलकूद का आयोजन हुआ। कुलपति प्रो. समशेर ने सफेद कबूतर उड़ाकर प्रतियोगिमा का शुभारंभ किया। इसके बाद एचबीटीयू के छात्रों ने क्रिकेट, शॉटपुट, बास्केटबॉल, दौड़ और ऊंची कूद में अपनी प्रतिभा दिखाई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

विश्वविद्यालय के वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ करने के बाद कुलपति प्रो. समशेर ने छात्रों को जीवन में खेल का महत्व बताया। कहा कि खेल से अपनी प्रतिभा में निखार लाए। खेल में जीत-हार होने पर किसी प्रकार का मलाल न रखें। जीत-हार खेल का हिस्सा होता है। विश्वविद्यालय के संयोजक विकास यादव ने कुलपति का का स्वागत किया। इसके बाद छात्रों ने क्रिकेट, दौड़, शॉटपुट, ऊंची कूद, बास्केटबॉल आदि खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 400 मीटर दौड़ में एबीईएस कालेज जीता। 100 मीटर दौड़ में एचबीटीयू विजेता रहा। वहीं शॉटपुट में एचबीटीयू प्रथम वर्ष की तनिष्का विजेता रहीं। क्रिकेट में एचबीटीयू ने यूपीटीटीआई को 123 रनों से पराजित कर जीत दर्ज कराई। इस मौके पर विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद फैज खान, उपाध्यक्ष नम्रता सिंह, प्रणव शुक्ला, शिखर त्रिवेदी, मोहम्मद अरसलान खान आदि रहे। ऊंची कूद और बास्केटबॉल का परिणाम रविवार का आएगा। शनिवार को विजेता खिलाड़ियों को कुलपति ने सम्मानित किया।


अलग-अलग ड्रेस में दिखाई दी टीमें। अमृत विचार

- कुलपति प्रो. समशेर ने कबूतर उड़ाकर प्रतियोगिता शुरू की

## सार-संक्षेप

### दहेज की मांग न पूरी होने पर तीन तलाक देने का आरोप

**कानपुर।** रेलबाजार की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उनका निकाह फरवरी 2023 में उन्नाव निवासी युवक के साथ हुआ था। पीड़िता ने बताया कि शादी के कुछ माह बाद ही आरोपी ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। शुक्रवार को ससुरालियों ने दहेज के लिए मारापीटा। साथ ही पति ने तीन तलाक देकर घर से भगा दिया। इसके बाद वह मायके रेलबाजार आ गई। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### शराब के लिए रुपये न देने पर युवक को पीटा

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र के सनिगवां निवासी मोहम्मद इकराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात रिश्तेदार के घर से वापस लौटकर आ रहे थे। तभी घर के कुछ दूरी पर इलाके का एक आरोपी नशे की हालत में अपने साथी के साथ खड़ा था। आरोपी ने उन्हें रोका और शराब के लिए रुपये मांगे। विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट की साथ ही जेब में रखे 1500 रुपये लूट लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत चकेरी थाने में की। चकेरी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस ने पकड़ा 25 हजार का इनामिया

कानपुर। अनवरगंज पुलिस ने दुष्कर्म और अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे में अरसे से फरार चल रहे इनामिया इमरान उर्फ जिबरान अली निवासी करीम बिल्डिंग चमनगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी न हो पाने के कारण पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल ने उस पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। अनवरगंज प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उसे शनिवार को दबोच लिया गया।

### रस्सी का फंदा लगाकर महिला ने दी जान

**कानपुर।** दबौली में शनिवार शाम किराना दुकानदार की पत्नी ने रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। कमरे में गए भतीजे ने शव फंदे से लटकता देख परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। दबौली निवासी किराना दुकानदार शिवकुमार गुप्ता पत्नी महिमा (32) व दो बच्चों के साथ रहते है। जबकि घर के ग्राउंड फ्लोर पर उनके बड़े भाई मनोज का परिवार रहता है। शिव कुमार ने बताया कि बीते दिनों मां पार्वती देवी की तबियत खराब होने के कारण वह अस्पताल में भर्ती थीं। शुक्रवार शाम वह डिस्चार्ज होकर लौटी थीं। शनिवार शाम बहन मां को देखने के लिए घर आई थीं, जिस पर पूरा परिवार मां के पास था। इस दौरान महिमा ने कमरे में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस दौरान सात माह का बेटे के रोने पर भतीजा उसे देने गया तो शव फंदे पर लटका पाकर परिजनों को सूचना दी। रतनलाल नगर चौकी प्रभारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### नर्सिंग होम संचालक पर दर्ज हुआ दलित एक्ट का मुकदमा

**घाटमपुर।** जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट के बाद नर्सिंग होम संचालक सहित उसके भाई व भतीजे पर दलित एक्ट का मुकदमा अपर पुलिस आयुक्त के आदेश पर घाटमपुर पुलिस ने दर्ज किया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंगला पारस निवासी रामजीवन कोरी ने पुलिस अपर आयुक्त को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 1 मार्च को शाम करीब 6 :45 बजे उसके मोबाइल पर नर्सिंग होम संचालक डॉक्टर रवि त्रिपाठी ने फोन कर जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी है। उसने विरोध किया तो रवि त्रिपाठी व उसका भाई ओमप्रकाश त्रिपाठी एवं भतीजे शुभम त्रिपाठी हाथों में लाठी डंडे लेकर जहानाबाद रोड पर निर्माण दीन गेस्ट हाउस आए ।और उनके साथ मारपीट की कर्मचारी व पड़ोसी अजय सचान ने बीच बचाव किया तो आरोपी धमकाते हुए भागने निकले। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के खिलाफ मारपीट गाली गलौज व दलित एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला जली, उर्सला रेफर

**घाटमपुर।** थाना रेवना के डोभा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला आग से जल गई। जिसको गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएससी घाटमपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे कानपुर रेफर किया गया है। रेवना थाना क्षेत्र के डोभा गांव निवासी दीपेश ने बताया कि वह गुरुवार को एक शादी में शामिल होने पुखरायां गया था।तभी देर शाम उसकी पत्नी अर्चना (28) संदिग्ध परिस्थितियों में जल गई है। घर से आग निकलते देख आसपास खेतों में काम कर रहे। लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह आग बुझाई। वहीं घटना की जानकारी होने पर अर्चना के मायके हिम्मापरवा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात से डोभा गांव पहुंचे और आग से जली अर्चना को कानपुर देहात के जिला अस्पताल अकबरपुर ले जाया गया।जहां से परिजन इलाज को सीएचसी घाटमपुर लेकर आए यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे उर्सला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। इस इस बाबत थाना अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि मायके पक्ष के लोग डीजल डालकर जला देने का आरोप लगा रहे हैं।

# जर्मन फ्रेंच-रूसी भाषा में कोर्स का ऑफर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 30 छात्रों के साथ एक वर्षीय सर्टिफिकेट प्रोग्राम होगा
- रूस की श्रेष्ठ संस्थाओं के साथ कोर्स के लिए एमओयू

**अमृत विचार।** जर्मन फ्रेंच और रूसी भाषा में विवि छात्रों को अब कोर्स का ऑफर दिया गया है। फिलहाल पहले चरण में 30 छात्रों के साथ एक साला का सर्टिफिकेट प्रोग्राम होगा। इसके लिए रूस के श्रेष्ठ संस्थाओं के साथ कोर्स के लिए शनिवार को एमओयू हुआ।

सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के प्रयास से अब विवि का स्कूल ऑफ लैंग्वेज जर्मन फ्रेंच और रूसी भाषा में एक सर्टिफिकेशन कोर्स कराएगा। यह कोर्स 30 छात्रों के साथ एक साल के लिए किया जाएगा। इस कोर्स के लिए रूस के श्रेष्ठ संस्थाओं जैसे रूसॉफ्ट संगठन और चेंबर फॉर इंडो रूसो टेक्नोलॉजी कोलैबोरेशन के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किया गया है। प्रथम वर्ष में स्कूल आफ लैंग्वेज 30 छात्रों के साथ एक साला का सर्टिफिकेट प्रोग्राम प्रारंभ करेगा। एमओयू के तहत रूसी ज्ञान भाषा एवं तकनीक का भारत में प्रचार प्रसार करने पर सहमति बनी है। इस क्रम में यह महत्वपूर्ण है कि रूसी विवि व संस्थाओं के शिक्षक ऑनलाइन रूसी भाषा के छात्रों को पढ़ा सकेंगे। इससे न केवल भाषा का आदान-प्रदान होगा, बल्कि दोनों देशों के छात्रों को एक दूसरे की संस्कृति को समझने का अवसर प्राप्त होगा। इन कोर्सों के प्रारंभ होने से स्कूल ऑफ लैंग्वेज के निर्देशक डॉ. अंकित त्रिवेदी, डॉ. सर्वेश मणि त्रिपाठी, डॉ. प्रभात गौरव मिश्र, डॉ. सोनाली मौर्य, डॉ. लक्ष्मण कुमार, डॉ. ऋचा वर्मा, डॉ. सुमना विश्वास, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. ऋचा शुक्ला, डॉ. शालिनी शुक्ला, डॉ. विकास यादव व डॉ. प्रीति वर्धन दुबे ने खुशी जाहिर की है। शिक्षकों का कहना है कि इससे विभाग में अन्य छात्रों की रुचि भी बढ़ेगी, क्योंकि इससे रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। छात्र दुनिया में कहीं भी जाकर काम करने के लिए प्रेरित होंगे। वहीं विवि का स्कूल ऑफ लैंग्वेज अब ऐसे विभागों में शामिल हो गया है, जहां अंग्रेजी, हिंदी व संस्कृत के साथ अन्य विदेशी भाषाओं में भी छात्रों का कौशल बढ़ा रहे हैं।

### राजकीय महाविद्यालय रामसारी की शुरुआत

**घाटमपुर।** घाटमपुर के राजकीय महाविद्यालय रामसारी का शुभारंभ किया गया। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के भाषा विभाग के निदेशक वह राजकीय महाविद्यालय रामसरी घाटमपुर के प्रभारी डॉक्टर अंकित त्रिवेदी राजकीय महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश सामान्वयक डॉक्टर नवनीत त्रिपाठी, सहायक समन्वयक राज नारायण एवं एवं विश्वविद्यालय के अन्य सहयोगी। उक्त जानकारी डॉक्टर नवनीत त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया स्नातक स्तर पर विभिन्न संकायों -कला विज्ञान,वाणिज्य, प्रबंधन संकाय, कंप्यूटर संकाय, प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रारंभ कर दिए गए हैं।

# रोडवेज वर्कशॉप के कबाड़ में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में रोडवेज वर्कशॉप में रखे कबाड़ में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आग लगने से वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने एक घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू।

आजाद नगर स्थित उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की वर्कशॉप में रखे कबाड़ में शनिवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से वहां पर रखा कबाड़ धू-धूकर जलने लगा। आग की ऊंची लपटें देख वहां मौजूद कर्मचारी और अफसरों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, मगर आग फैलने लगी। आग बढ़ते देख लोगों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कर्नलगंज सब स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर एक घंटे कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। उस वक्त वहां पर रोडवेज की कई बसें खड़ीं थीं।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि कंट्रोल रुम को सूचना मिली थी, की परिवहन निगम के कार्यशाला में आग लगी है। दमकल कर्मियों ने आग को बुझा लिया है। आग लगने की वजह प्रथम दृष्टता शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। मीडियाकर्मियों से रोडवेज अफसरों ने कवरेज करने से मना कर दिया।

### पनकी के कोयला गोदाम में लगी आग

इस प्रकार पनकी थाना क्षेत्र में साइट नंबर तीन में एक प्लॉट में रखे कोयले के स्टोरेज में आग लग गई। मिनी कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंचे पनकी से दमकल की एक गाड़ी ने कुछ ही देर में आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## कोचिंग से लौट रही छात्रा से छेड़छाड़

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में रहने वाली नाबालिग छात्रा शुक्रवार देर शाम कोचिंग पढ़कर घर लौट रही थी। रास्ते में नशे में धुत क्षेत्र के ही शातिर अपराधी अनुज तिवारी और जमुना ठाकुर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। अश्लील हरकत और अश्लील कमेंट्स किए। शोहदों की हरकत देख एक राहगीर ने डॉयल 112 पर घटना की सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और अनुज को दबोच लिया, जबकि जमुना ठाकुर वहां से भाग गया। डीसीपी पश्चिम विजय हुल ने बताया कि शिकायतकर्ता और पीड़ित छात्रा के अनुरोध पर दोनों के नाम व पते गुप्त रखे गए हैं। एंटी रोमियो टीम की तरफ से मामले में छेड़छाड़ की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। फरार शोहदे जमुना ठाकुर की तलाश की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि आरोपी अनुज तिवारी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेजा गया है। दोनों हत्या के प्रयास के मामले में जेल से जमानत पर बाहर है।

**भूमि पूजन** पार्क के साथ नवग्रह और औषधीय वाटिका होगी विकसित

# मेडिकल कॉलेज परिसर में बनेगी रोटरी वाटिका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति सजग रोटरी क्लब ने शनिवार को मेडिकल कालेज परिसर में रोटरी वाटिका का भूमि पूजन किया। यहां तीन अलग-अलग वाटिका बनाई जाएगी। एक हिस्से में पार्क दूसरा में नवग्रह वाटिका और तीससे हिस्से में औषधीय वाटिका विकसित की जाएगी। वाटिका में अनेकों पेड़-पौधों के अलावा छात्रों के बैठने के लिए कुर्सियां व छतरियां भी लगाई जाएंगी।

क्लब के अध्यक्ष अमित खत्री ने बताया कि रोटरी क्लब हमेशा से सेहतमंद पर्यावरण के प्रति सजग रहा है। इसलिए शहर को हराभरा व सुंदर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण के कार्य किए जाते रहते हैं। इसी क्रम में शनिवार को रोटरी क्लब ऑफ कानपुर साऊथ की ओर से मेडिकल कालेज परिसर में रोटरी वाटिका का भूमि पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि वाटिका को तीन हिस्सों में बांटा गया है। जहां तीन अलग-अलग वाटिका का निर्माण कराया जाएगा।

पहले हिस्से में पार्क, दूसरे में वाटिका को नवग्रह के रूप में तैयार कराया जाएगा। तीसरा हिस्सा औषधीय वाटिका के रूप मे विकसित किया जाएगा। वाटिका में कई प्रकार के पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। जहां छात्रों के बैठने के लिए कुर्सियां व छतरी भी लगाई जाएगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 के नामित गवर्नर जसबीर सिंह भाटिया, डॉ. चयनिका काला एसोसिएट प्रो. पैथोलॉजी के साथ अध्यक्ष अमित खत्री, सचिव सुमित खन्ना, ललित श्यामदासानी, अशोक मेहरा, डॉ. संतोष बर्मन, डॉ. सीमा द्विवेदी, डॉ. अमृता राव, राजेश भाटिया, सोनू दुआ, गौरव बजाज, राजेश अवस्थी, दलजीत कौर, महक खत्री, महक श्यामदासानी, निधि मल्होत्रा, प्रिया भाटिया, सोनिया खत्री, विकास सूरी, विकास खत्री, संदीप भाटिया, डॉ. अमित मिश्रा, महेश सोनी, विजय आहूजा, दीपक टंडन, सुनील अग्रहरि आदि मौजूद रहे।


मेडिकल कॉलेज परिसर में किया रोटरी वाटिका का भूमि पूजन। अमृत विचार

# मुनाफे का झांसा देकर उड़ाए 2.93 लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऑनलाइन कंपनी में निवेश करने पर तगड़े मुनाफे के नाम पर साइबर ठगों ने 2.93 लाख रुपये पार कर दिए। डीसीपी साउथ के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

बाबूपुरवा, बगाही निवासी अबु ओवैदा खां ने बताया 11 मई 2023 को उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एक ऑनलाइन कंपनी का अधिकारी बताते हुए कंपनी में निवेश करने पर भारी मुनाफे का लालच दिया। इसके बाद कंपनी की ओर से नेहा, कोमल, उर्वशी शमार व एलेक्स नाम के युवक ने फोन कर निवेश के लिए पैसे लगवाए। इस दौरान उन्हें दो बार कुछ मुनाफा भी लौटाया गया। झांसे में आकर अबु ने 2.93 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोप है कि साइबर सेल व बाबूपुरवा थाने में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। डीसीपी साउथ के निर्देश पर बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

### युवक से टप्पेबाजी

**कानपुर।** कलक्टरगंज नौघड़ा स्थित धनीराम ओमर एंड संस के प्रोप्राइटर ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को उन्होंने अपने कर्मचारी धर्मेंद्र को 1.60 लाख रुपये देकर बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा करने भेजा था। कैश काउंटर में अंदर खड़े व्यक्ति ने उससे रुपये ले लिए। कुछ देर बाद कर्मचारी को कैशियर ने बुलाया और पचास हजार रुपये कम होने की जानकारी दी। जिस पर कर्मचारी ने कलक्टरगंज थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी ने बताया सोमवार को सीसीटीवी खंगाल कर कार्रवाई की जाएगी।


ड्राईवर्स मीट में रैली भी निकाली गई। अमृत विचार

### एकजुटता के लिए ड्राइवर्स मीट का आयोजन

**कानपुर।** मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने शनिवार को सुपर ऑटो प्रेमियों व मालिकों को एकजुट करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक ड्राइवर्स मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बर्रा बाईपास चौराहे पर स्थित एक्सिस मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड डीलरशिप शोरूम पर हुआ। इस मौके पर रैली भी निकाली गई और ईवी प्रेमियों के बीच संवाद हुआ। टीआई क्लीन मोबिलिटी (टीआईसीएमपीएल) के प्रबंध निदेशक केके पॉल ने कहा कि ड्राइवर्स मीट एक अनूठी पहल है, जो ईवी समुदाय में समझ और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है। एक्सिस मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के डीलर प्रोपराइटर जेएस अरोड़ा ने कहा बहुत कम समय में हमारे सुपर ऑटो ड्राइवर व मालिक सम्मेलन ने एक मजबूत भावना पैदा की है।

# प्रभु 'श्रीराम' के पुत्र 'कुश' ने की थी मां कुशहरी की स्थापना

नवरात्र विशेष

- नवाबगंज क्षेत्र के दुर्गा व कुशहरी देवी मंदिरों में लगता है भक्तों का मेला
- जिले के अलावा अन्य जिलों व प्रदेशों के भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नवाबगंज से तीन किमी दूर मां कुशहरी देवी का विख्यात मंदिर है। यहां रोज सैकड़ों भक्त दर्शन करने दूर-दूर से आते हैं। नवरात्र के दिनों में तो हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। किवदंती है कि मां कुशहरी देवी की स्थापना प्रभु श्रीराम के पुत्र कुश ने की थी।

मंदिर के पुजारी आशु सिंह बताते हैं कि माता सीता को लाने के लिए जब उनके पुत्र लव और कुश परियर जा रहे थे तो वे यहां विश्राम करने रुके थे। यहां पास में एक कुआं था। जब उनके सैनिक कुएं से पानी भरने लगे तो उन्हें यहां एक दिव्य शक्ति का आभास हुआ। कुश ने कुएं में देखा तो उन्हें मातारानी की मूर्ति मिली। कुश ने मूर्ति वहीं एक टीले पर स्थापित कर पूजा-अर्चना की। अपने कुछ सैनिकों को वहीं एक गांव बसाने का आदेश दिया। आज भी मंदिर के पीछे कसौटी के पत्थर पर एक छत्रधारी घोड़े पर सवार लव-कुश की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के सामने एक विशाल सरोवर है। मंदिर के बाहर आम, नीम, कदंब, इमली व पीपल के वृक्ष बड़ी संख्या में है।


मंदिर में विराजीं मां दुर्गा।


मंदिर में विराजीं मां कुशहरी देवी।

### रेल व सड़क मार्ग से भी पहुंचा जा सकता है मंदिर

**नवाबगंज।** मां दुर्गा के मंदिर जाने के लिए सड़क व रेल मार्ग दोनों से पहुंचा जा सकता है। रेल मार्ग से आने वाले लोग कानपुर व लखनऊ स्टेशन से मेमू ट्रेन से कुसुंभी स्टेशन उतरें। यहां से आटो द्वारा नवाबगंज कस्बा पहुंचे। कस्बे से मंदिर नजदीक है। सड़क मार्ग से आने वाले बस से नवावगंज स्टॉप पर उतरें।

### ऐसे पहुंचें कुशहरी देवी मंदिर

कुशहरी व दुर्गा माता के मंदिर जाने के लिए सड़क व रेल मार्ग दोनों से ही पहुंचा जा सकता है। रेलमार्ग से आने वाले भक्त कानपुर व लखनऊ स्टेशन से मेमो ट्रेन से कुशुम्भी स्टेशन उतरते हैं। जहा से टैक्सी से एक किमी की दूरी पर पश्चिम दिशा में माता कुशहरी मंदिर पहुचते हैं। वहीं दुर्गा मंदिर पहुंचने के लिए टैक्सी से नवाबगंज कस्बा पहुचते हैं। जहां से माता के मंदिर जाते हैं। सड़क मार्ग से आने पर लखनऊ के चारबाग बस स्टैंड से व कानपुर के झकरकटी बस स्टैंड से नवाबगंज बस स्टॉप उतरते हैं।

### दर्शन के बाद करते हैं नए कार्य की शुरुआत

**नवाबगंज।** कस्बे में स्थापित मां दुर्गा का प्राचीन व पौराणिक मंदिर है। भगवान परशुराम द्वारा स्थापित माता की मूर्ति के दर्शनों को यहां नवरात्र में आस्था का सैलाब उमड़ता है। यहां का चैतवर मेला काफी प्रसिद्ध है। मंदिर के मुख्य पुजारी मोनू सिंह बताते हैं कि मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना भगवान परशुराम ने की थी। बताया कि मंदिर से चार किमी दूर भितरेपार गांव है। जहां एक ऊंचे टीले पर उनके पिता जमदग्नि ऋषि का आश्रम था। बताया जाता है कि परशुराम का जन्म भी यहीं हुआ था। एक बार ऋषि जमदग्नि कुटिया में बैठे पूजा कर रहे थे। ऋषिवर के पास एक गाय थी। एक दिन राजा सहस्रबाहु कुटिया के पास से गुजरे तो उन्होंने अपनी सेना के साथ जमदग्नि की कुटिया में रुककर विश्राम किया। यहां ऋषि जमदाग्नि ने अपनी गाय के दूध से ही सारी सेना का पेट भर दिया। यह देख राजा सहस्रबाह आश्चर्य चकित हो गए। राजा ने ऋषि से गाय ले जाने की बात कही तो ऋषि ने गाय देने से मना कर दिया। जिससे राजा काफी आहत हुए और वहां से चले गए। बाद में ऋषि जमदग्नि का वध करके बलपूर्वक गाय ले गए। तपस्या पूरी कर परशुराम जब कुटिया आए तो उन्हें अपने पिता की मृत्यु का समाचार मिला। इसके बाद उन्होंने पिता की मृत्यु का प्रतिशोध लेने और गाय वापस लाने की ठान ली। इसके बाद कस्बे में आकर मां दुर्गा की स्थापना कर पूजा-पाठ किया। माता ने प्रसन्न होकर उन्हें विजय का आशीर्वाद दिया। इसके बाद परशुराम ने राजा सहस्रबाहु का वध किया और गाय को कुटिया ले आए। तभी से माता दुर्गा को विजय की देवी कहा जाने लगा। आज भी जब लोग किसी नए कार्य की शुरुआत करते हैं तो माता के दर्शन जरूर करते हैं। मंदिर में माता की दिव्य आरती सुबह व शाम आठ बजे होती है। नवरात्र में यहां आस्था का सैलाब उमड़ता है। इस नवरात्र में ही यहां पर चैतवर मेला भी लगता है। मेला देखने के लिए अन्य जनपदों व प्रदेश तक से लोग पहुंचते हैं।

# राधा-कृष्ण की झांकी व मयूर नृत्य देख हुए मुग्ध

संवाददाता फतेहपुर चौरासी


जागरण में भजन प्रस्तुत करतीं गायिका।

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित मां शीतला देवी मंदिर प्रांगण में शुक्रवार रात विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें मां दुर्गा जागरण पार्टी व रवि नादान जागरण पार्टी कानपुर के कलाकारों ने देवी मां के गीतों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई मनोरम झांकियां देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

दुर्गा जागरण में शुक्रवार रात प्रिया तिवारी ने जन्म देने वाली ने जन्म दे के पाला, उसे पालने में कोई कसर न उठाना, जन्म देने वाली मां को भूल नहीं जाना गाकर भक्तों को मां के प्रेम के प्रति जागरूक किया। वहीं, हितेश मिश्रा ने मंदिर, मस्जिद हो या गुरुद्वारा, परमपिता तो एक है हमारा तुम्हारा गीत पेश किया। इसके अलावा आइशा माही ने तेरा दर तो हकीकत में दुखियों का सहारा है, तेरे दर के ही टुकडों पर हम सबका गुजारा है गीत गाया। कार्यक्रम में कलाकारों ने राधा-कृष्ण की झांकी, मयूर नृत्य, शिव पार्वती, राम दरबार, काली माता की झांकी के साथ राधा-कृष्ण के साथ खेली गयी फूलों की होली से दर्शकों ने खूब सराहा। इस दौरान सभासद सुशील कश्यप, पवन पांडेय नातेदार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक जुगुल किशोर राजपूत ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# हरिद्वार जाने के लिये 18 से शुरू हो जाएगी साप्ताहिक समर स्पेशल

## जबलपुर-हरिद्वार के बीच चलाई जा रही ट्रेन पूरे सीजन में लगाएगी 16-16 चक्कर

खुशखबरी

- रेलवे की ओर से जारी समय सारिणी के मुताबिक 17 को रात 8:55 बजे यह ट्रेन जबलपुर से चल कर 18 को तड़के उन्नाव आएगी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी की छुट्टियों में अगर आपका परिवार के साथ हरिद्वार घूमने जाने का इरादा है तो जिले के लोगों के लिए खुशी की खबर है। रेल मंत्रालय 17 अप्रैल से जबलपुर व हरिद्वार के बीच साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। जो जबलपुर व हरिद्वार के बीच अप-डाउन के 16-16 चक्कर लगाएगी। यह ट्रेन उन्नाव रेलवे स्टेशन 18 अप्रैल गुरुवार सुबह साढ़े 3 बजे पहुंचेगी। जबकि हरिद्वार से लौटते समय शुक्रवार को सुबह 2:40 बजे उन्नाव पहुंचेगी।

बता दें कि अभी कानपुर से बालामऊ होकर जम्मू और अमृतसर के लिए एक्सप्रेस ट्रेन संचालित हो रही हैं। जबकि इस रूट पर सुबह-शाम पैसेंजर ट्रेन भी चलती है। अब रेल मंत्रालय इस रेल रूट पर समर स्पेशल के तौर पर एक नई एक्सप्रेस ट्रेन की सौगत देने जा रहा है। जिसकी जबलपुर से शुरुआत 17 अप्रैल और हरिद्वार से 18 अप्रैल को होगी।

रेल प्रबंधन की ओर से इस ट्रेन के लिए जारी समय सारिणी के मुताबिक 17 अप्रैल को रात 8:55 बजे यह यात्री गाड़ी जबलपुर से चलेगी और सतना, बांदा व कानपुर होकर गुरुवार 18 अप्रैल को सुबह 3:50 बजे उन्नाव पहुंचेगी।

जहां दो मिनट के ठहराव के बाद गंतव्य को रवाना होगी। यह ट्रेन 18 अप्रैल को ही दोपहर 13:20 बजे यात्रियों को हरिद्वार पहुंचा देगी। वहीं गुरुवार शाम 16:20 बजे ट्रेन हरिद्वार से जबलपुर के लिए रवाना होगी। जो वापसी में सुबह 2:40 बजे उन्नाव पहुंचकर 2:42 बजे आगे जाएगी।




### पीक सीजन भर चलेगी ट्रेन: एसएस

स्टेशन अधीक्षक टीपी जोशी ने बताया कि गर्मियों में यात्रियों की भीड़ अधिक बढ़ जाती है। इसीलिए रेल प्रशासन ने ट्रेन संख्या-02191 व 02192 को जबलपुर-हरिद्वार और हरिद्वार-जबलपुर के बीच चलाए जाने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन जबलपुर से हरिद्वार के बीच 31 जुलाई तक संचालित होगी। जबकि हरिद्वार से जबलपुर के लिए एक अगस्त तक संचालित रहेगी।

### तीन धार्मिक स्थलों को जोड़ेगी ट्रेन

वास्तव में यह समर स्पेशल ट्रेन लोगों को धार्मिक यात्रा के मद्देनजर संचालित की जा रही है। यह ट्रेन जिले के लोगों को जहां हरिद्वार के लिए सहज आवागमन की सुविधा दिलाएगी। वहीं चित्रकूट व मैहर माता के दर्शन करने वालों को परिवार सहित सुविधाजनक यात्रा करने का अवसर भी देगी। चित्रकूट एक्सप्रेस में इस भीड़ वाले सीजन में आरक्षित टिकट मिलना मुश्किल रहता है।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का लटका भुगतान शिकायत की धमकी

**उन्नाव।** बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को बीते वर्षों की तरह इस बार अब तक पेंशन व फंड का भुगतान नहीं हो सका है। इस पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के वरिष्ठ प्रांतीय अध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया ने नाराजगी जताई है। उन्होंने पिछले 12 वर्षों से देयों के भुगतान की चली आ रही परंपरा पर अमल न होने की स्थिति विभागीय उच्चाधिकारियों से शिकायत की चेतावनी है।

उल्लेखनीय है कि बीते शिक्षा सत्र के समापन के साथ पिछले माह बेसिक शिक्षा विभाग के 52 शिक्षक-शिक्षिकाएं सेवानिवृत्त हुए हैं, जिसमें एनपीएस स्कीम के हकदार पांच शिक्षक भी शामिल है। संगठन की ओर से पूर्व में ही अप्रैल माह में सेवानिवृत्त हो रहे सभी शिक्षकों को अप्रैल माह में ही देयों का निपटारा करते हुए भुगतान करने पर जोर दिया था। संघ के पदाधिकारियों ने ओपीएस में शामिल 47 शिक्षकों के बैंक खातों में अब तक देय धनराशि न स्थानांतरित कराए जाने पर नाराजगी जताई है।

# चुनाव में वाहनों की व्यवस्था में अफसरों के छूट रहे पसीने

- वाहनों के अधिग्रहण के लिए भेजी जा रही नोटिस

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए जिले में 13 मई को मतदान होना है। पुलिस पार्टियों को गंतव्य तक पहुंचाने और वापस लाने समेत अन्य कार्यों के लिए हल्के व भारी वाहनों की दरकार है। इसके लिए करीब 1569 वाहनों की जरूरत है। इसकी जिम्मेदारी उप संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन को दी गई है। चुनाव के लिए वाहन अधिग्रहण के लिये लगातार वाहन स्वामियों को नोटिस तामील कराई जा रही है।

बता दें कि मतदान के एक दिन पूर्व दोस्ती नगर फायर स्टेशन से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। जो वापस दही औद्योगिक क्षेत्र के एफसीआई के वेयर हाउस में बने स्ट्रांग रूम पहुंचेंगी। वहीं, पुलिस पार्टियों के अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट, अतरिक्त फोर्स के लिए जिले में मतदान के दिन 1569 वाहनों की आवश्कता पड़ेगी। इनमें 837 हल्के व 732 भारी वाहन शामिल हैं। इसकी व्यवस्था के लिए एआरटीओ कार्यालय जुटा है। वाहनों की व्यवस्था के लिए एआरटीओ प्रवर्तन को नोडल बनाया गया है। उनके द्वारा वाहन स्वामियों को लगातार नोटिस भेजी जा रही हैं। शुक्रवार तक 1200 वाहन स्वामियों को नोटिस तामील कराई जा चुकी है। स्कूल संचालकों को भी विभाग ने पहले ही अपने वाहनों के फिटनेस सहित सभी कागजात पूरे कर अधिग्रहण के लिए नोटिस जारी की जा चुकी है।

### भुगतान न मिलने के कारण बचते हैं वाहन स्वामी

**उन्नाव।** चुनाव के दौरान वाहनों के अधिग्रहण के लिए आयोग द्वारा रुपए भी दिए जाते है। लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते भुगतान समय से नहीं हो पाता है। इससे वाहन चुनाव कार्य में न लगाए जाएं इसके लिए वाहन स्वामियों द्वारा जुगाड़ भी लगाया जाता है। जिसके चलते मजबूरी में विभागीय अधिकारियों को सड़क पर उतर कर वाहनों को पकड़कर चुनाव कार्य के लिए भेजा जाता है।

# अनाज गोदाम से चोरी हो गई 55 बोरी सरसों

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत एक गल्ला व्यापारी के गोदाम से चोरों ने 55 बोरी सरसों पार कर दी। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को दी तहरीर में कार्रवाई की गुहार लगाई है।

बीघापुर कोतवाली अंतर्गत लाल कुआं चौकी क्षेत्र के रैथाना निवासी गल्ला व्यापारी शशि प्रकाश पांडे पुत्र शिव नारायण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्नाव-लालगंज हाईवे से उनके गांव जाने वाले मार्ग पर उनका गोदाम है। शुक्रवार शाम वह रोज की तरह गोदाम में ताला बंद कर घर आ गए। शनिवार सुबह गोदाम का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर रखी 55 बोरी सरसों भी गायब थी। इससे पूर्व 23 मार्च को भी गोदाम से 75 बोरी सरसों चोरों ने पार कर दी थीं। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। एसओ राजपाल ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच लालकुआं चौकी इंचार्ज को दी गई है। इस चोरी की घटना में कुछ लोगों के बारे में सुराग लगा है, जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

# मतदान के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बिछिया ब्लाक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। प्रधान शिक्षक (उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ) के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने रैली का मार्ग दर्शन किया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम गौरांग राठी ने बीएसए संगीता सिंह के माध्यम से सभी परिषदीय विद्यालयों को स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान पर जोर दे रखा है। इसके लिए परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अन्य शैक्षिक स्टाफ गांव-मोहल्लों में रैलियां आयोजित करा रहा है। इसके अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर (पड़री) के प्रधान शिक्षक ने शनिवार को रैली निकलवाई। इसमें शामिल विद्यालय के विद्यार्थियों ने जहां हाथों में बैनर सहित जागरूकता नारे लिखी हुई तख्तियां पकड़ रखी थीं। वहीं स्लोगन सुनाते हुए भी लोगों को मतदान दिवस पर सारे काम छोड़कर पहले मताधिकार के इस्तेमाल का संदेश देते हुए चल रहे थे। इससे पहले विद्यालय स्टाफ ने स्कूल परिसर में छात्रों व अभिवावकों को हरहाल में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। अभियान में शिक्षण स्टाफ में शामिल नीतू कुमारी, होरीलाल, ललिता देवी व दीक्षा शुक्ला ने प्रतिभाग किया।



जागरुकता रैली निकालते उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर (पड़री) के विद्यार्थी।

# बिना अनुमति बाबा साहब की मूर्ति लगाई अफसरों ने समझाया

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली के गांव सधीरा में बिना अनुमति भारतरत्न बाबा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगा दी गई। जिसकी शिकायत गांव के लोगों ने पुलिस व तहसील अफसरों से की।

इस पर तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी व कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह मौके पर पहुंचे और गांव के लोगों को समझाया कि जिस जमीन पर मूर्ति लगाई है वो जमीन तो आंबेडकर पार्क के नाम से आवंटित है। लेकिन, वहां मूर्ति लगाने के लिये पहले अनुमति लेनी जरूरी है। जब अनुमति मिले तभी मूर्ति लगवा सकते हैं। अफसरों की इस बात पर गांव के लोग तैयार हो गये और मूर्ति हटाकर अपने घर में रख ली।

# सेमिनार में मिले ज्ञान से मरीजों को देंगे लाभ

- दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम से लौटे चिकित्सक ने साझा की जानकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


दिल्ली में आयोजित हुए होम्योपैथी के राष्ट्रीय सेमिनार में उन्नाव व आसपास से कई चिकित्सक पहुंचे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिल्ली में आयोजित हुए होम्योपैथी के राष्ट्रीय सेमिनार में जिले के एकमात्र चिकित्सक होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा. संजय मिश्र को शामिल होने का मौका मिला। वहां से लौटने पर उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों सहित देशों के बीच होम्यो चिकित्सा पद्धति को उपयोगी साबित करने पर विचार-विमर्श हुआ। क्षेत्रीय चिकित्सकों ने एसोसिएशन के राष्ट्रीय नेता को बधाई दी है।

केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग व राजकीय होमियोपैथी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हर साल 10 अप्रैल को चिकित्सा पद्धति के जनक सैमुअल हैनीमेन की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कराता है। जिसमें देश के विभिन्न स्थानों सहित ब्राजील, इटली, स्पेन, कनाडा, जापान व नीदर लैंड आदि के वरिष्ठ चिकित्सक शामिल होने पहुंचते हैं। इसी सप्ताह आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। राष्ट्रीय सेमिनार के हिस्सा बने वरिष्ठ चिकित्सक डा. संजय मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल चिकित्सकों में हुए विमर्श में वरिष्ठतम चिकित्सकों ने होम्यो चिकित्सा पद्धति में हो रहे नए प्रयोगों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि सेमिनार में मिली नई जानकारियों से अब वह जिले के मरीजों को और लाभांवित करेंगे। होम्योपैथ चिकित्सक डा. उत्कर्ष मिश्रा, डा. प्रदीप यादव, व डा. शैलेश आदि ने उन्हें बधाई दी है।

चैत्र नवरात्र

अवकाश का दिन होने की वजह से शनिवार को सभी देवी मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# स्कंदमाता के दर्शन कर भक्तों ने मांगी परिवार की समृद्धि

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन देवी भक्तों ने मातारानी के स्कंदमाता स्वरूप का पूजन-अर्चन कर मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना की। अवकाश के चलते अन्य दिनों की अपेक्षा शनिवार को देवी मंदिरों में अधिक भीड़ दिखाई दी। महिला श्रद्धालुओं ने शाम को मंदिरों में देवी भजनों को कीर्तन के रूप में गाया। जिन्हें सुनकर वहां मौजूद भक्त भावविभोर हो गए।

आमतौर पर बुजुर्ग महिलाएं सुबह घर में पूजन करने के बाद ही मंदिरों का रुख करती हैं। जिससे इस दौरान महिलाओं की मंदिरों में भीड़ अधिक बढ़ जाती है। वहीं इस समय देवी भक्त युवा भी खासी तादाद में पहुंच रहे हैं। शनिवार को सरकारी कार्यालयों व बैंक आदि बंद होने से मंदिरों में दर्शनार्थियों की संख्या काफी रही। तमाम भक्त परिवारों के साथ मंदिर पहुंचे और दर्शन-पूजन कर प्रसाद चढ़ाया और लोगों में वितरित किया। पांचवे नवरात्र से घरों व मंदिरों में कन्या भोज कराने की शुरुआत भी हो गई है। शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में शाम को महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन करने की परंपरा चली आ रही है। शाम पांच बजे से देर राततक यह सिलसिला जारी रहता है। इस दौरान आमतौर पर परंपरागत देवी गीत अधिक सुनाई देते हैं।

आचार्य करुणा शंकर के अनुसार, पांचवे नवरात्र पर स्कंदमाता स्वरूप का पूजन-अर्चन होता है। इस स्वरूप में मातारानी शक्ति स्वरूपा दिखाई देती हैं। साथ ही मातृ शक्ति स्वरूपा भी दिखती हैं। स्कंद कुमार की मां होने के कारण इन्हें स्कंदमाता भी कहा जाता है। भगवान गणेश मां के मानस पुत्र हैं। जबकि, कार्तिकेय उनके गर्भ से उत्पन्न हुए हैं। तारकासुर को भगवान शंकर के शुक्र से ही मृत्यु होने का वरदान मिला था। कहा जाता है कि इसीलिए माता पार्वती का भगवान भोलेनाथ से मंगल परिणय हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप भगवान कार्तिकेय ने जन्म लेकर तारकासुर का वध किया। शंकर-पार्वती के मांगलिक मिलन को ही सनातन संस्कृति में विवाह परंपरा की शुरुआत बताया गया।


मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति।


उन्नाव स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर में दर्शन-पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# आज निकलेगी बाबा साहब की शोभायात्रा

**बांगरमऊ।** स्थानीय डा. आंबेडकर योजना समिति के तत्वावधान में 14 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 10 बजे से बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती पर नगर के मोहल्ला प्रेम गंज स्थित रेलवे स्टेशन से परंपरागत विशाल शोभायात्रा निकलेगी। यात्रा इंदिरा गांधी महाविद्यालय होते हुए उन्नाव-हरदोई मार्ग से बिल्हौर बाईपास स्थित आलवक बुद्ध विहार पहुंचेगी। जहां बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत चर्चा होगी। आयोजक पालिका बोर्ड के सभासद सुनील गौतम, राजेंद्र प्रसाद, करुणा शंकर, आकाश गौतम, अंकुर गौतम व अंकित ने प्रबुद्ध लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# किशोरी पर चोरी का आरोप लगाकर रेलिंग से बांध दिया

- फोटो वायरल होने पर सक्रिय हुई पुलिस

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बारासगवर थानांतर्गत चंडिका माता मंदिर परिसर में फुटपाथ में दुकान लगाए लोगों ने चोरी का आरोप लगा एक किशोरी से मारपीट कर उसके हाथ पैर बांध दिये। किसी श्रद्धालु ने इसका फोटो शोसल मीडिया में वायरल कर दिया। फोटो देख हरकत में आई पुलिस वहां पहुंची और रस्सी खोलकर उसे परिजनों को बुलाकर सुपुर्द किया। पुलिस ने किशोरी को मंदबुद्धि बताते हुए मारपीट की बात को गलत बताया है।बिहार थानाक्षेत्र के गांव केदार खेड़ा निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी को बक्सर स्थित मां चंडिका मंदिर परिसर के फुटपाथ पर दुकान लगाए लोगों ने चोरी के आरोप में पकड़ कर रेलिंग से बांध दिया। दर्शनार्थियों ने किशोरी की फोटो खींचकर शोसल मीडिया में वायरल कर दिया। हालांकि, अमृत विचार ऐसी किसी फोटो की पुष्टि नहीं करता है। दुकानदारों ने बताया कि किशोरी दुकान में घुसकर समान फेंक रही थी। पकड़ने की कोशिश में उसने दुकान लगाए महिलाओं को काट लिया। बक्सर चौकी इचार्ज प्रेम नारायण सरोज मौके पर पहुंचे और किशोरी को खुलवाकर पूछताछ के लिये चौकी लाए। पिता को सूचना देकर बुलाया और किशोरी को उनके सुपुर्द कर दिया।

# नवरात्र के पांचवें दिन मंदिरों और घरों में हुई स्कंदमाता की पूजा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता के दर्शन के लिये शनिवार सुबह से ही नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों की भीड़ रही। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। वहीं कुछ लोगों ने व्रत रखा। इसके साथ ही मंदिरों में मुंडन संस्कार कराने के लिये लोगों की भारी भीड़ रही।

शनिवार को मां के स्कंदमाता स्वरूप के दर्शन के लिए देवी दरबार को भव्य रूप दिया गया था। मंदिरों में सुबह से देरशाम तक भक्तों की भीड़ रही। घरों में मां की पूजन और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। घरों में कलश स्थापित कर पूजन- अर्चना करने के साथ मंदिरों में भी भक्तों ने मत्था टेक मां से मनोकामना सिद्ध करने की प्रार्थना की। दिनभर मां के जयकारे लगते रहे। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडे ने बताया कि मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उन्होंने बताया कि नवदुर्गा का पांचवां स्वरूप स्कंदमाता का है। यह माता चार भुजाधारी कमल के पुष्प पर बैठती हैं। इसलिए मां को पद्मासना देवी भी कहा जाता है। इनकी गोद में में कार्तिकेय भी बैठे हुए हैं। इनकी पूजा से कार्तिकेय की पूजा स्वयं हो जाती है। पौराणिक मान्यता है कि स्कंदमाता की आराधना से सूनी गोद भर जाती है।



स्कंदमाता के रूप में बिराजी दुर्गा माता।



दुर्गा मंदिर में आरती के दौरान मौजूद भक्त। अमृत विचार

## दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार सुबह नगर से एक संदिग्ध व्यक्ति को दबोच लिया। चर्चा है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति मादक पदार्थों का तस्कर है। सूत्रों के अनुसार बीती शुक्रवार रात दिल्ली पुलिस नगर पहुंची और एक 43 वर्षीय व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। बाद में पुलिस उसे बांगरमऊ सीएचसी लाई। जहां उसका मेडिकल कराया और उसे अपने साथ ले गई। मेडिकल परीक्षण पंजिका में हिरासत में लिए गए व्यक्ति का नाम व पता यूसुफ पुत्र अयूब आज़म निवासी मोहल्ला महमूद नगर चौक लखनऊ दर्ज है।

# नानामऊ घाट से नमामि गंगे परियोजना 'बेखबर'

## जिले के अलावा हरदोई व लखनऊ तक के लोग परिजनों के शव लेकर इस घाट पर पहुंचते हैं, जनप्रतिनिधियों ने इस तरफ कभी नहीं दिया ध्यान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र का विख्यात नानामऊ गंगातट व श्मशान घाट आजादी के 76 साल बाद भी विकास की बाट जोह रहा है। पक्का घाट न बनने से श्रद्धालु रेत व कीचड़ पर कपड़े रखकर स्नान-पूजन करने को मजबूर हैं। शौचालय में ताला बंद होने से स्नानार्थी व शव यात्री गंगा किनारे खुले में शौच को मजबूर रहते हैं।

यात्रियों के लिए छाया की व्यवस्था न होने से उन्हें बारिश, धूप व ठंड के दौरान खुले आसमान के नीचे बैठने को विवश होना पड़ता है। आश्चर्यजनक तो यह है कि यहां के गंगातट से थोड़ी दूर करीब आधा दर्जन पक्के आश्रम स्थित हैं। किंतु अभी तक आश्रमों में स्थाई तौर पर निवास कर रहे साधु-संतों को विद्युतीकरण की भी सुविधा नहीं मिल सकी है। इस विख्यात गंगातट के विकास के नाम पर अब तक सिर्फ सांसद साक्षी महराज द्वारा मात्र 100 मीटर सीसी रोड व गंगा आरती मंच का ही निर्माण कराया गया है। जबकि सांसद की निगाह शव यात्रियों व स्नानार्थियों की मूलभूत सुविधाओं पर नहीं पड़ सकी है।



मृत्यु पंजीकरण कार्यालय में लगा ताला।



गंगा तट पर बने शौचालय में बंद ताला। अमृत विचार

### घाट का विकास होना चाहिए

**बांगरमऊ।** सरकार की नमामि गंगा परियोजना के तहत गंगा नदी के अधिकांश घाट पक्के बन चुके हैं। किंतु स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नानाराव पेशवा के नाम से मशहूर यहां के नानामऊ गंगातट पर आज भी धूल उड़ रही है। श्रद्धालु व शव यात्री बालू और कीचड़ पर अपने कपड़े उतारकर स्नान-दान करने को मजबूर हैं। घाट पक्का न होने से अब तक यहां स्नान करते समय दर्जनों श्रद्धालुओं की डूबकर मौत भी हो चुकी है।

### ग्राम पंचायत से बने शौचालय में भी ताला बंद

बांगरमऊ। नानामऊ गंगातट क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेला आलमशाह द्वारा करीब चार साल पहले स्नानार्थियों के लिए सामुदायिक शौचालय बनवाया गया था। तभी से शौचालय में ताला बंद है। शौचालय के ऊपर रखी पानी की टंकी नदारद है। शौचालय निर्माण के समय ग्राम पंचायत द्वारा इंडिया मार्का हैंडपंप स्थापित नहीं कराया गया। जिससे यात्री गंगा किनारे शौच करने व पवित्र गंगा जल में शौच को मजबूर हैं।

### मृत्यु पंजीकरण कार्यालय भी रहता है बंद

**बांगरमऊ।** नानामऊ श्मशान घाट मृत्यु पंजीकरण समिति के सेक्रेटरी रामकुमार पंडा ने बताया कि शवदाह क्रिया नि:शुल्क होने के चलते यहां के घाट पर अंतिम संस्कार के लिए बांगरमऊ व हसनगंज तहसील क्षेत्र ही नहीं बल्कि पड़ोसी जिला हरदोई के मल्लावां, बेंहदर, संडीला व लखनऊ के मलिहाबाद से रोज करीब आधा सैकड़ा शव आते हैं। अंतिम संस्कार के बाद औसतन 2500 शव यात्री रोज गंगा स्नान करते हैं। किंतु शव यात्रियों के लिए घाट पर छाया की कोई व्यवस्था नहीं है। मृत्यु पंजीकरण कार्यालय में भी ताला लटका रहता है। यहां बने चबूतरे की फर्श उखड़ चुकी है और शेड की टिन भी गायब है।

### बोले जिम्मेदार...

बांगरमऊ। नानामऊ गंगातट पर अव्यवस्था को लेकर एसडीएम नम्रता सिंह ने बताया कि शव यात्रियों व स्नानार्थियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु फिलहाल आश्रम के पास दो इंडिया मार्का हैंडपंप लगे हैं। जल्द ही वाटर कूलर भी लगाए जाने हैं। संबंधित पंचायत सचिव को शौचालय, टिन शेड व चबूतरा दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# ईद की खुशियां हो गई काफूर, छाया मातम

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह गंगा नहाने के दौरान दो सगे भाई सलमान और नियाज के बच्चे गंगा नहाने के दौरान काल के गाल में समा गये। जिसे परिवार में कोहराम मच गया। एक साथ चार बच्चों की मौत होने से आस पास रहने वालों की भी आंखे भर आई। शाम के समय चारों बच्चों के शव को कानपुर दादा मियां कब्रिस्तान में दफन करा दिया गया। जिससे ईद के त्योहार की खुशियां काफूर हो गई और बच्चों के माता-पिता रो-रोकर बेसुध हो गये। उनका कहना था कि सभी बच्चे खेल रहे थे। खेलते-खेलते कब वह गंगा की तरफ चले गए पता भी नहीं चल सका।

रातीराम पुरवा में रहने वाला रियाज कानपुर में टेंट का काम करता था, जबकि उसका भाई सलमान मजदूरी करता है। गुरुवार को ईद को देखते हुये दोनों परिवार ने बच्चों के लिये नये कपड़े से लेकर घर की सामग्री लाये थे और दो दिनों तक परिवार के साथ मिलकर ईद मनाई। जिसके बाद शनिवार सुबह सलमान का 7 वर्षीय बेटा राजबाबू उसकी बहन नाजिया बानो (11), नियाज अहमद का बेटा मो. मुनाजिर उर्फ समीर (10), रियाज अहमद उर्फ आमिर (8) की गंगा में डूबने से मौत हो गई। एक साथ परिवार के चार बच्चों की असामयिक मौत होने पर परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट गया। जिसने भी चारों बच्चों की गंगा में डूबने की खबर सुनी, उसके कदम गंगा तट की ओर मुड़ गये। जिससे तट पर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। हर कोई दोनों भाइयों को ढांढस बंधाता नजर आया। चार बच्चों की मौत पर परिवार पूरी तरह से टूट गया और घर में रखे बच्चों के नये कपड़ों को देख सभी फफक कर रोते हुये यही कहते रहे कि काश! आज का दिन उनकी जिंदगी में ना आया होता तो यह सब न देखना पड़ता। माता-पिता की चित्कार सुन वहां मौजूद सभी लोगों की आंखे भर आई। ईद के तीसरे दिन खुशियां काफूर हो गई।



घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारी। अमृत विचार



मुनाजिर।



राजबाबू।



रियाज उर्फ आमिर।



नाजिया बानो।

● **घर में किसी को पता नहीं लगा कब बच्चे गंगा की तरफ निकल गए**

### ईद पर आए थे आमिर और समीर

नियाज के बेटे आमिर और समीर लखनऊ इंदिरा नगर में रहने वाली नानी जैनतुल के पास रहकर पढ़ाई करते थे। ईद पर्व को लेकर वह अपने माता-पिता के साथ खुशियां मनाने आये थे।

### एक घर के बुझे दो चिराग

शनिवार को गंगा नहाने के दौरान नियाज अहमद और उसकी पत्नी शमीरून पर दुखों का पहाड़ टूट गया। नियाज के दोनों बेटों की गंगा में डूबने से मौत हो गई। इस दुखद घटना से एक परिवार के दो चिराग बुझ गया। अब पांच साल की बेटी जैनब ही उनका सहारा है।

### दादा मियां कब्रिस्तान में पसरा मातम

शाम के समय चारों बच्चों के शव को कानपुर दादा मियां कब्रिस्तान ले जाया गया। जहां एक साथ चारों बच्चों की कब्र खोदी गई और चारों को एक साथ सुपुर्द ए खाक किया गया। यह देख पूरे कब्रिस्तान में मातम छा गया और हर किसी की आंख भर आई।

### नाव से जाल डालकर निकाले गये शव

बच्चों के डूबने के बाद परिवार के लोग मछली पकड़ने वाला जाल लेकर पहुंचे। जहां नाव के सहारे जाल डाला गया। जिसके बाद एक के बाद चारों बच्चों को बेसुध हालत में बाहर निकाला गया।

### रोती रही राजबाबू की मां

गंगा में डूबने से राजबाबू की मौत हो गई। जिस पर उसकी मां अफसरून का रो रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं अफसरून का कुछ दिन पहले गिरने से पैर फैक्चर हो गया था, जिससे वह अपने लाल को देखने के लिये झोपड़ी के बाहर तक नहीं निकल सकी।

# शादीशुदा ने पांच साल की बच्ची से की हैवानियत, दबोचा गया

संवाददाता चकलवंशी उन्नाव

● **माखी थानांतर्गत एक गांव में हुई घटना**

**अमृत विचार।** माखी थानाक्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय बच्ची से हैवानियत का मामला सामने आया है। बताते हैं कि पड़ोसी युवक बहाने से बच्ची को अपने घर ले गया। जहां उससे हैवानियत की। लहूलुहान हालत में घर पहुंची बच्ची ने परिजनों को पूरी घटना बताई। इस पर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चाचा की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की बच्ची का मेडिकल कराने के साथ आरोपी को पकड़ लिया है।


माखी थानांतर्गत एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म किए जाने की तहरीर देकर पुलिस को बताया कि बीती शुक्रवार शाम करीब तीन बजे उनके पड़ोस में रहने वाला संदीप उसकी पांच साल की भतीजी को खेलने के बहाने अपने साथ घर ले गया। जहां उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। गंभीर हालत में रोते हुए घर पहुंची बच्ची ने मां को पूरी बात बताई। उसकी हालत देख मां बिलख पड़ी। बच्ची के पिता के घर में न होने से मां ने अपने देवर (बच्ची के चाचा) को घटना की जानकारी दी। इस पर उन्होंने थाने पहुंचकर पुलिस को इसकी सूचना दी। बच्ची का मेडिकल कराने के साथ पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद शनिवार को आरोपी को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि युवक विवाहित है और घटना के समय उसकी पत्नी मायके में थी।

## मां-बेटे के बीच विवाद पहुंचा कोतवाली

**बांगरमऊ उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत एक प्रतिष्ठित परिवार में दो भाईयों के बीच संपति को लेकर चल रहा विवाद सार्वजनिक होने के बाद पुलिस तक पहुंच गया है।

नगर के मोहल्ला भटपुरी निवासी डा. कृष्ण लाल तिवारी स्वास्थ्य विभाग में नियुक्त थे। पांच वर्ष पूर्व उनका निधन हो गया था। बड़े बेटे मंगला प्रसाद व उनकी विधवा पत्नी मुन्नी देवी में अनबन हो गई। इस पर मां ने अपनी संपत्ति अपने छोटे बेटे अरविंद के नाम कर दी। आरोप है कि मां ने 20-20 लाख की दो एफडी कराई थी। इस पर बड़े बेटे ने दोनों एफडी का भुगतान कराकर अपनी मां के खाते से निकाल लिए।

## सार-संक्षेप



बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रधानाचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

### गोपीनाथपुरम एसवीएम में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवरात्र को देखते हुये मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ ही दुर्गा चालीसा का पाठ कराया गया। इसके साथ ही अम्बेडकर जयंती मनाई गई। जहां निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को गोपीनाथपुरम के एसवीएम में नवरात्र को देखते हुये मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके दौरान ही प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने आरती की। जिसके बाद विद्यालय में आंबेडकर जयंती मनाई गई। जहां स्कूल के आचार्यों के अलावा बच्चों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान प्रवक्ता शिव सिंह ने डा. साहब के बारे में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब संविधान निर्माता के रूप में जाने जाते हैं। इसके साथ ही वह एक सच्चे राष्ट्रभक्त भी थे। इस विषय पर उन्होंने कई संस्मरण प्रस्तुत किये। विद्यालय में बाबा साहेब के जीवन वृतान्त पर एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया। जहां स्थान वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर रविशंकर श्रीवास्तव, शशिकांत शर्मा, वंदना दीक्षित मौजूद रहीं।



घायल महिला को एम्बुलेंस से इलाज के लिये ले जाते परिजन। अमृत विचार

### पति से झगड़कर चलती बस से कूदी महिला, गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के नया खेड़ा निवासी दंपत्ति विंध्याचल दर्शन करने गये हुये थे, जहां दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान पत्नी ने चलती बस से छलांग लगा दी। जिससे सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। नया खेड़ा निवासी दीपू अपनी पत्नी कमला के साथ विंध्याचल दर्शन करने गया था। जहां से दोनों शनिवार को बस से वापस आ रहे थे। इस दौरान फतेहपुर के बिंदकी के पास दोनों का विवाद हो गया। जिस पर कमला ने चलती बस से खिड़की से छलांग लगा दी। सड़क पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पति किसी तरह उसे इलाज के लिये नगर के एक निजी अस्पताल लेकर आया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे एम्बुलेंस से इलाज के लिये ले गये।

### समाचार पत्र वितरकों का होली मिलन समारोह आज

**शुक्लागंज।** रविवार को राजधानी मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में समाचार पत्र वितरक समिति शुक्लागंज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जहां जहां फूलों की होली खेली जायेगी। कार्यक्रम में फगुआरों द्वारा होली गीत गाये जायेंगे। जिसके बाद ठंडाई वितरण किया जायेगा। इस दौरान कार्यक्रम में पत्र वितरकों के अलावा नगर के गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने दी।

### अभियान चलाकर मिश्रा कॉलोनी में हुई साफ-सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को देखते हुये शनिवार को पालिका कर्मियों की टीम वार्ड 13 मिश्रा कॉलोनी पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने साफ सफाई कर एंटी लार्वा का छिड़काव किया। इसके साथ ही फागिंग कराई गई। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 13 मिश्रा कॉलोनी पहुंचे। जहां संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई की। इस दौरान क्षेत्र की सफी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा का छिड़काव किया। वहीं शाम के समय फागिंग भी कराई गई। ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर 30 अप्रैल तक सभी वार्डों में सफाई कराई जायेगी।

### डीएम से परिषदीय विद्यालयों के समय परिवर्तन की मांग

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने डीएम व बीएसए को पत्र देकर परिषदीय विद्यालयों के संचालन का समय बदलने की मांग की है। साथ ही दिव्यांग व बीमार शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा पति-पत्नी दोनों के शिक्षक होने पर किसी एक को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त रखने को कहा है। जिलाध्यक्ष ने डीएम गौरांग राठी को दिए पत्र में कहा कि इस समय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक परिषदीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन दिनों दोपहर 12 बजे धूप और लू का प्रकोप चरम पर पहुंच जाता है। जिससे अवकाश होने पर जहां बच्चों को मौसम की मार झेलते हुए घर तक पैदल जाना होता है। वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी लंबी दूरी तय कर घर पहुंचना होता है। इसलिए परिषदीय विद्यालयों के संचालन का समय संशोधित कर सुबह साढ़े 7 से साढ़े 12 बजे किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों व शिक्षकों को राहत मिल सके। इसी पत्र में डीएम से दिव्यांगों व बीमार शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त कराने की मांग की गई। पत्र में कहा गया कि बड़ी संख्या में पति-पत्नी दोनों बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक हैं। पति-पत्नी दोनों के चुनाव ड्यूटी पर जाने से बच्चों व परिवार के बुजुर्गों खासकर माता-पिता को असुविधा होगी। संघ के प्रवक्ता ने बताया कि इसलिए पति-पत्नी में किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने के लिए कार्मिक प्रभारी सीडीओ को पत्र जारी कर निर्देशित करने की मांग भी पत्र में शामिल की गई है।

**भारी मुसीबत** जाम में फंसे लोगों को निकलने में घंटों का समय लगता, नौकरीपेशा लोग जाम के चलते घर से जल्दी निकलते

# भीषण जाम से जूझ रहा उन्नाव-हरदोई मार्ग, राहगीर हलाकान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले का प्रमुख मार्ग उन्नाव-हरदोई मार्ग इन दिनों भीषण जाम की समस्या से जूझ रहा है। इससे इस पर सफर करने वाले राहगीरों को इसमें फंसकर हलाकान होना पड़ रहा है। इस प्रमुख समस्या की ओर से जिम्मदारों ने मुंह मोड़ रखा है। वहीं, ऐसा ही कुछ हाल क्षेत्र के कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग का भी बना हुआ है। यहां भी वाहन सवारों को जाम से जूझना पड़ रहा है।

चकलवंशी। उन्नाव-हरदोई मार्ग इन दिनों भीषण जाम के लिए जाना जा रहा है। जिससे लोगों को अपने निजी काम के लिए घंटों पहले निकलना पड़ता है। उन्नाव से चकलवंशी तक 18 किमी का सफर जाम के चलते बेहद कठिनाई से भरा है। राहगीरों सुरेश, रामकिशन, दुर्गेश सिंह, रजनीकांत, राजकुमार व नीरज सिंह ने बताया कि वैसे तो उन्नाव शहर पहुंचने में मात्र 20 से 25 मिनट लगते हैं। वहीं इन दिनों दोस्तीनगर नहर पुलिया और भदनी पुलिया संकरी होने से दिन भर जाम से जूझना पड़ता है। इसके बाद चकलवंशी चौराहा छोटा होने से चारों ओर से वाहनों के आने से अक्सर जाम लगता है। जाम में फंसे लोगों को इससे निकलने में घंटों का समय लगता है। जिससे तमाम कार्य बाधित होते हैं। वहीं, मजदूरी करने वाले दो घंटे पहले घर से निकलने को मजबूर हैं।



उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित चकलवंशी में लगे भीषण जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

● **उन्नाव से चकलवंशी तक जाम के चलते बेहद कठिनाई**

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। कस्बा से निकले कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग और कस्बे के अंदर मुख्य रास्तों पर हुए अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल है। इससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं, दिनों दिन बढ़ते वाहनों और संकरे होते बाजार के कारण अक्सर जाम लगा रहता है। ऐसे मे आएदिन हादसे भी हो रहे हैं। वहीं, कस्बे के बूढ़ेबाबा बाजार, शीतला मंदिर चौराहा से लेकर प्रमुख बाजार तक व्यापारियों और यहां आने वाले खरीददारों की भीड़ के चलते लगातार जाम लगा रहता है। इस गंभीर समस्या पर नगर पंचायत प्रशासन की भी नजर नहीं पड़ रही है। इसके अलावा कस्बे के प्रमुख मार्गों पर स्थानीय दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। जिससे भी आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# राजतंत्र थोप रही भाजपाः अन्नू

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार व पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने असोहा ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न गावों को दौरा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आत्मनिर्भरता का भाव समाप्त कर रही है। साथ ही उपक्रमों को काफी कम कीमत पर पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है। इसलिए अप्रत्यक्ष राजतंत्र थोपने से बचने के लिए सभी को मिलकर इंडिया गठबंधन को चुनावी सफलता दिलाने के लिए एकजुट मतदान करना चाहिए। इस दौरान पूर्व सांसद के साथ सपा सहित गठबंधन में शामिल कांग्रेस व आप पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

उन्होंने ब्लाक क्षेत्र के गांव कांथा, बीकामऊ, सहरावां, शाहाबाद ग्रंट, दऊ, दरसवां, जोरावरगंज, मुबारकपुर, सरवारा, सरवन, संडौली, कंचनपुर, कालूखेड़ा, भवलिया, रामपुर, सोहो, पहासा, मुक्तेमऊ, जबरैला, उतरौरा व गढ़ी करमली आदि गांवों में जनसंपर्क व नुक्कड़ सभाओं में उक्त बात कहीं। पूर्व एमएलसी सुनील साजन व पूर्व विधायक उदयराज यादव ने लोगों को सपा के घोषणा पत्र की जानकारी देते हुए कहा कृषि प्रधान देश को विकास पथ पर सपा ही आगे लेकर जा सकती है। इस दौरान मंजीत यादव, पुरवा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रामकिशुन लोधी, पूर्व प्रमुख राज कुमार रावत, पूर्व प्रमुख बीतेन्द्र सिंह, हरिकेश सिंह, हाजी सैय्यद इरफान, कुलदीप यादव, सुनील रावत, जवाहर यादव, कृपाशंकर वाजपेयी व राजेंद्र सिंह आदि भी काफिले में शामिल रहे।



ग्रामीणों के साथ गांव भ्रमण करतीं सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन।

● **जनसंपर्क व नुक्कड़ सभाओं में लगाया आरोप**

# ओवैसी के साथ पल्लवी तो चंद्रशेखर के साथ स्वामी प्रसाद आजमाएंगे दांव

## पीडीएम ने पीडीए को टक्कर देने के लिए सात प्रत्याशियों को मैदान पर उतारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुशीनगर से खुद उम्मीदवार बने स्वामी प्रसाद, नगीना में चंद्रशेखर को देंगे समर्थन

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में एनडीए के मिशन 80 पर अंकुश लगाने को उत्तर प्रदेश से सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा ही नहीं अन्य दल दांव आजमाने को तैयार हैं। इस कड़ी में पिछले दिनों सपा से अलग होकर अपनी पार्टी बना लेने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य अब चुनाव मैदान में उतरने को तैयार हैं।

स्वामी ने नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी और भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को समर्थन देने का भी ऐलान किया है। वहीं, दूसरी ओर पल्लवी पटेल वाली अपना दल कमेरावादी ने तीन और दलों के साथ मिलकर पीडीएम न्याय मोर्चा बनाया है। इस गठबंधन मोर्चे में कमेरावादी के साथ ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम, राष्ट्र उदय पार्टी एवं प्रगतिशील मानव समाज पार्टी शामिल हैं।

### स्वामी-चंद्रशेखर एक हुए

- इस बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी और भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को समर्थन देने का ऐलान किया।

### शनिवार को जारी हुई सूची

**लखनऊ।** पीडीएम यानि पिछड़ा, दलित, मुस्लिम गठबंधन के प्रत्याशियों की भी पहली सूची शनिवार को सुबह जारी की गई। इस गठबंधन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजय पटेल ने कहा कि पीडीएम उत्तर प्रदेश मजबूती से चुनाव लड़ेगी। शेष अन्य सीटों पर शीघ्र ही प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। सूची के मुताबिक, अपना दल (के) और एआइएमआइएम के पीडीएम मोर्चे ने बरेली से सुभाष पटेल, हाथरस से डॉक्टर जयवीर सिंह धनगर, फिरोजाबाद से प्रेम दत्त बघेल, रायबरेली से हाफिज मोहम्मद मोबीन, फतेहपुर से राम किशन पाल, भदोही से प्रेमचंद बिंद और चंदौली से जवाहर बिंद को प्रत्याशी बनाया है। एसे में, पिछले दिनों सपा से अलग हुईं पल्लवी पटेल की पीडीएम का मुकाबला अब अखिलेश के पीडीए से भी होना है।

दरअसल, ये मोर्चे एनडीए को ललकारेंगे या एनडीए से मुकाबला करने उतरे सपा-कांग्रेस गठबंधन की मुहिम को कमजोर करेंगे एक बड़ा सवाल है? फिलहाल इनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र में अपना अस्तित्व बचाने और बनाने की भी है। इसी महत्वाकांक्षा के चलते राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य की कुशीनगर लोस सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी है। मौर्य की यह अपनी पार्टी है।

दरअसल, इससे पहले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का इंडिया गठबंधन से कुशीनगर सीट पर चुनाव लड़ने की अटकलें थीं, लेकिन सपा ने इस सीट पर उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसके बाद अब स्वामी ने अब अपनी पार्टी से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इससे पहले स्वामी प्रसाद ने लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने इंडिया गठबंधन के साथ बिना शर्त समर्थन देने की बात कही थी।

इसी के बाद ऐसी चर्चा चली कि वह इंडिया गठबंधन से कुशीनगर सीट पर चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन अब सपा की ओर से प्रत्याशी घोषित करने के बाद खबरों पर विराम लग गया और अब अकेले चुनाव मैदान में मौर्य ने उतरने की तैयारी कर ली। सपा ने कुशीनगर सीट पर जय प्रताप सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है।

## अमरमणि का नौतनवा का मकान हुआ कुर्क

**लखनऊ।** 2001 में बस्ती में एक व्यापारी के बेटे के अपहरण मामले में पूर्व मंत्री व बाहुबली अमरमणि त्रिपाठी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पुलिस ने अमरमणि त्रिपाठी के नौतनवा स्थित आवास को कुर्क कर दिया है। इस दौरान भारी संख्यास में पुलिस फोर्स तैनात रही। पूर्व मंत्री अमरमणि बस्ती जिले एक व्यापारी के बेटे के हुए अपहरण के मामले में आरोपी हैं।

वह इस मामले में फरार चल रहे हैं। बस्ती के अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट ने फरार चल रहे अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था।

कवियत्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड के आरोपी पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी कुछ माह पहले ही जेल से रिहा हुए थे। छह दिसंबर 2001 में बस्ती जिले के कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी धर्मराज गुप्ता के बेटे राहुल मद्धेशिया का अपहरण हो गया था। फरार चल रहे अमरमणि त्रिपाठी के खिलाफ कोर्ट ने 82 की कार्रवाई के बाद उनकी संपत्तियों को कुर्की करने का निर्देश जारी किया था।

# कॉल स्पूफिंग करा अफसरों पर दबाव बनाने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निजी सचिव का नंबर प्रदर्शित कराकर अफसरों से कराते थे अनधिकृत कार्य
- एसटीएफ की कार्रवाई में दो आरोपी गिरफ्तार, अयोध्या के अधिकारी हुए शिकार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने वायस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (वीओआईपी) के माध्यम से शासन के उच्चाधिकारियों के सीयूजी नंबर प्रदर्शित कराकर (कॉल स्पूफिंग) अधिकारियों से पैरवी करने व कराने वाले मास्टर माइंड सहित दो अभियुक्तों को कमता से गिरफ्तार किया है। आरोपी इन्हीं तकनीकि का सहारा लेकर मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री और ऊर्जा मंत्री के निजी सचिव का सीयूजी नंबर प्रदर्शित कराकर अनधिकृत पैरवी कराता था। आरोपी अन्मेष तिवारी एवं कप्तान तिवारी रौनाही अयोध्या के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन, छह एटीएम, एक लैपटॉप और सूचना डायरी भी बरामद किया गया है।

**बरेली में अपने खिलाफ दर्ज मुकदमें में की पैरवी :** बरेली के इज्जतनगर थाने में आरोपी अन्मेश तिवारी के खिलाफ के मुकदमा दर्ज हुआ था। प्रकरण के मुताबिक 2022 में फिनटेंक कंपनी बरेली को साफ्टवेयर बना कर दिया गया था। जिसके लिए फिनटेंक कम्पनी द्वारा मेरे अन्मेश के बैंक खाते में 08 लाख रूपये जमा किया गया। लेकिन आगे चलकर पैसे को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद कंपनी ने पूरा पैसा वापस करने का दबाव बनाने के लिए थाना इज्जतनगर में मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया। जिसमें पैरवी के लिए उसी इंडीकॉल ऐप के माध्यम से 22 फरवरी 2024 को एसएचओ इज्जत नगर को मुख्यमंत्री का निजी सचिव बनकर कॉल किया। एसएचओ को निर्देश दिया कि मुकदमे में अभियुक्त अन्वेश व आरती निवासी पिरखौली बडागांव अयोध्या तथा विनीत कुमार निवासी नाथू मिश्रा का पुरवा मजरे पंडितपुर अयोध्या व खुश्बू के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए।

> दोनों आरोपी वीओआईपी के माध्यम से शासन के उच्चाधिकारियों को फोन कर उनके मोबाइल पर सीयूजी नंबर प्रदर्शित कराकर (कॉल स्पूफिंग) अनधिकृत कार्य करा रहे थे। जानकारी मिलने के बाद एसटीएफ टीम ने नजर रखनी शुरू कर दी। कई तथ्य और सबूत मिलने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, आरोपियों से अन्य जानकारियां भी ली जा रही हैं।
>
> – विशाल विक्रम, एएसपी एसटीएफ

### कई अफसरों को फोन कर कराया निजी काम

- इसी तरह से आरोपियों ने मुख्यमंत्री के निजी सचिव का नंबर प्रदर्शित कराकर अपने गृह जनपद अयोध्या में अफसरों को फोन करके खूब अनधिकृत कार्य कराया। अयोध्या के डीसी मनरेगा, एसडीएम सोहावल, सीएमएस को लगातार फोन करते हुए नाली निर्माण, नपाई, गोशाला निर्माण आदि जैसे कार्यों को अपने हिसाब से प्रभावित कराया।

## चुनाव ड्यूटी में लगे पति-पत्नी में किसी एक को मिलेगी छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए जारी किया आदेश

**अमृत विचार।** चुनाव ड्यूटी में लगे पति-पत्नी में किसी एक को ड्यूटी से छूट मिलेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए जारी आदेश जारी किया है। आयोग के आदेश के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किया है।

जारी निर्देश में कहा गया है कि सरकारी कर्मियों में पति व पत्नी दोनों अगर चुनाव ड्यूटी मैं लगाए गए हैं तो दोनों में किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्ति मिल सकेगी। प्रार्थना पत्र के आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारी इस पर निर्णय लेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने कर्मचारी संगठनों की ओर से सरकारी सेवा में कार्यरत पति व पत्नी दोनों को चुनाव ड्यूटी में लगाने की शिकायत के बाद नए निर्देश जारी किए हैं। उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने निर्वाचन आयोग से इस सिलसिले में शिकायत की थी। कहां गया था कि परिवार के दोनों सदस्यों के चुनाव ड्यूटी में तैनात होने पर संबंधित परिवार के लोगों को दिक्कतें होंगी। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर ने भी मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजकर पति-पत्नी दोनों के सेवा में रहने पर किसी एक को चुनाव ड्यूटी में लगाने का अनुरोध किया था।

# हरदोई में प्रेमी से बात करने से रोका तो छात्रा ने फांसी लगाई

कोथावां, हरदोई

- इंटर की छात्रा ने पिता की दुकान में फांसी लगाकर की आत्महत्या मोबाइल से खुला राज



**अमृत विचार।** प्रेमी से मोबाइल फोन पर बात करने से रोके जाने पर छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह उसका शव पिता की दुकान में लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू की।

बेनीगंज कोतवाली के कमलापुर निवासी जमुना की दो बेटी और एक बेटा है। 20 वर्षीय बड़ी बेटी कल्पना ने इस वर्ष बेनीगंज के बनारसी लाल तारा देवी इण्टर कालेज से इण्टर की परीक्षा दी थी। शुक्रवार की रात कल्पना अपने घर वालों के साथ छत पर सो रही थी। शनिवार की भोर पहर उसके पिता जमुना की आंख खुली और उसे कल्पना नहीं दिखाई पड़ी। उसकी खोज करने के दौरान कल्पना का शव पिता की परचून की दुकान के अंदर फांसी पर लटका मिला। इसका पता होते ही वहां पहुंची भीड़ का मानना है कि कल्पना ने दुकान में रखे काउंटर पर चढ़ कर छत के कुंडे से फांसी लगा कर आत्महत्या की। वहां पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की।

जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने छात्रा के मोबाइल फोन के नंबर टटोलते हुए उन्हे ट्रेस करना शुरू कर दिया। उसमें किसी अजय नाम के युवक का नंबर सामने आया और ऐसा होने से पहले उसकी कल्पना से बातचीत भी हुई थी। पुलिस ने परतें उधेड़ी तो परत-दर-परत उधड़ती हुई चली गई। पिता से पूछताछ हुई,पहले तो उसने कुछ नही बताया,बाद में बोला कि उसने कल्पना को किसी से मोबाइल पर बात करते हुए पकड़ लिया था,उसी पर उसे डांट-डपट दिया। माना जा रहा है कि उसी से नाराज़ हो कर उसने ऐसा कदम उठाया। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े हर एक पहलू की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

## कांग्रेस के स्टार प्रचारक चुनाव मैदान से नदारद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अभी तक नहीं हुई कांग्रेस के किसी बड़े नेता की सभा

**अमृत विचार।** प्रदेश में पहले चरण का चुनाव प्रचार चरम पर है, पर अभी तक कांग्रेस का कोई बड़ा नेता चुनाव प्रचार पर नहीं उतरा है। पार्टी की ओर से घोषित स्टार प्रचारक चुनाव मैदान से गायब हैं।

पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल को है, पर अभी तक स्टार प्रचारक कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व अन्य नेताओं की जनसभा नहीं हुई है, जबकि पहले चरण के लिए 17 अप्रैल को प्रचार थमेगा। हालांकि, पहले चरण में कांग्रेस की सिर्फ एक सीट सहारनपुर से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस की ओर से इमरान मसूद प्रत्याशी हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं का कहना है कि 16 अप्रैल को प्रियंका गांधी की सहारनपुर में रोड शो की तैयारी है। उम्मीद है कि जल्द ही केंद्रीय नेतृत्व इनका व अन्य नेताओं का कार्यक्रम फाइनल करेगा। इसके बाद दूसरे चरण में कई नेताओं की सभा, रैली व गठबंधन के नेताओं के साथ सभाएं होंगी। फिलहाल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी पश्चिमी जिलों की सीटों पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी जनसंपर्क व सभा कर रहे हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत अन्य नेताओं के चुनाव प्रचार कार्यक्रम तय किये गये हैं।

## प्रदेश में बढ़ेंगी 1200 एमबीबीएस सीटें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस सत्र में 12 नए मेडिकल कॉलेज शुरू हो सकते हैं। 1200 एमबीबीएस सीटें बढ़ने के बाद उप्र. 10 हजार से अधिक एमबीबीएस सीटों वाले राज्यों के क्लब में शामिल होगा।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को बताया की मानक पूरे करते हुए 12 कॉलेजों में एमबीबीएस सत्र शुरू करने के लिए एनएमसी में आवेदन किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक कर्नाटक और तमिलनाडु में 11 हजार से अधिक एमबीबीएस सीटें हैं। महाराष्ट्र में 10,845, जबकि उत्तर प्रदेश में नौ हजार से अधिक एमबीबीएस सीटें हैं। उसके बाद तेलंगाना में 8490 हैं। राज्य सरकार ने हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज देने की योजना बनाई है। इसलिए मेडिकल कॉलेजों की कुल संख्या 75 से अधिक होगी।

# दो पत्नियों के रहते तीसरा विवाह!

कार्यालय संवाददाता ,बांदा

- हिंदू मैरिज एक्ट के तहत नहीं हो सकती एक पत्नी के रहते दूसरी शादी
- दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं दोनों पीड़ित पत्नियां, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** बांदा जनपद के चिल्ला कस्बा में रहने वाले युवक ने तथ्यों को छिपा जहां एक पत्नी के रहते दूसरा विवाह कर लिया, वहीं अब दूसरी पत्नी को भी अलग करके तीसरी शादी कर रहा है। ऐसे में अब आरोपी की दोनों पत्नियों ने एकजुट होकर युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मुहिम छेड़ दी है। दोनों पत्नियां अधिकारियों की चौखट पर भटक रही हैं ।

हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार एक पत्नी के जीवित रहते कोई भी व्यक्ति दूसरा विवाह नहीं कर सकता, लेकिन इस अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए चिल्ला कस्बा निवासी दीपक पुत्र सकलदीप ने न सिर्फ दूसरा विवाह कर लिया, बल्कि दूसरी पत्नी को भी बाहर का रास्ता दिखाते हुए तीसरी शादी का ताना बाना बुनने लगा है। आरोपी पहली पत्नी गायत्री पुत्री स्व.रामगोपाल निवासी फूटा कुआं शहर बांदा ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी आप बीती सुनाई। खास बात यह है कि गायत्री के साथ दीपक की दूसरी पत्नी गुड्डी भी मौजूद रही और उसने भी अपने पति पर गंभीर लगाए हैं। गायत्री के अनुसार उसका विवाह हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार 2018 में किया गया था। लेकिन दीपक लगातार उसके साथ मारपीट करता था और दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करता था। इतना ही नहीं दीपक और उसके परिजनों ने 2019 में उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद दीपक ने अपने परिवारीजनों की मिलीभगत से 2022 में बिहार के बकरीबरावां थानाक्षेत्र के धेवधा निवासी गुड्डी पुत्री अशोक प्रसाद के साथ तथ्यों को छिपाकर विवाह रचा लिया, लेकिन दीपक और उसके परिजन अपनी आदतों से बाज नहीं आए और गुड्डी के साथ भी अमानवीय बर्ताव करने लगे। दीपक के दूसरे विवाह का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी देते रहे। उधर गुड्डी भी दीपक के साथ अधिक दिन तक नहीं रह सकी और उसे भी 2023 में घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। अब पीड़ित गुड्डी भी दीपक की पहली पत्नी गायत्री के साथ ही रहती है । शनिवार को दीपक की दोनों पत्नियों ने एसपी से मुलाकात कर अपने पति की कारगुजारी बताई और उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

## अतीक के गुर्गों का आतंक 50 लाख की रंगदारी मांगी

संवाददाता, प्रयागराज

- जमीन बेचने का बना रहे दबाव चार के खिलाफ मामला दर्ज

**अमृत विचार :** करेली थाना क्षेत्र में जमीन के नाम पर एक महिला से अतीक के गुर्गे ने पचास लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। तहरीर पर पुलिस ने माफिया अतीक अहमद के गुर्गे महताब, उसके बेटे सोनू, भेड़ा महीन, मुखिया और दो अज्ञात के खिलाफ 50 लाख रुपये गुंडा टैक्स मांगने, मारपीट, धमकी सहित अन्य धाराओ में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

कैंट थाना क्षेत्र के छोटी मस्जिद, बेली गांव निवासी सबा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करेली के बक्शी मोढ़ा में उनकी जमीन है। परिवार के ही महताब अहमद जो अतीक गैंग का गुर्गा है। बताया जाता है कि वह माफिया अतीक के 227 गिरोह का सदस्य भी है, सोनू पुत्र महताब, भेड़ा महीन पुत्र मो.अहमद, मुखिया पुत्र मो. अहमद निवासी बक्शी मोढ़ा, करेली व दो अज्ञात पीड़िता की जमीन बेचने को लेकर विवाद करते हैं। जमीन बेचने से इंकार पर कब्जा करने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आरोप है कि जमीन पर बनी चहारदीवारी भी आरोपियों ने गिरा दिया। इतना ही नहीं 18 मार्च को पीड़िता अपनी जमीन पर बकरी बांध रही थी तभी आरोपी आए और गालीगलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। आरोपियों ने कहा कि जमीन को हमारे ग्राहक को बेचो। वरना जान से हाथ धो बैठोगी और तुम्हारी जमीन पर हम लोग जबरन कब्जा उसे बेच देंगे कोई कुछ नहीं कर पाएगा।

## डूबने से बहनों सहित तीन बच्चों की मौत

**चित्रकूट।** रैपुरा थानांतर्गत बसावनपुर गांव के तालाब में नहाने गईं दो मासूम बहनें गहरे पानी में चली गईं। देर तक घर वालों को पता नहीं चला। जानकारी होने के बाद इनको निकाला गया पर तब तक दोनों की सांसें थम चुकीं थीं। उधर, मऊ थानांतर्गत बरहा कोटरा गांव में यमुना नदी में डूबकर एक मासूम की जान चली गई। रैपुरा थानांतर्गत बसावनपुर गांव में शनिवार अपराह्न दो सगी बहनें आफरीन (8) और भुन्नूर ( 10) पुत्री अब्बास अली गांव की अन्य हमउम्र लड़कियों के साथ तालाब में नहाने गई थीं और डूब गईं। उधर, मऊ थानांतर्गत बरहा कोटरा गांव निवासी शैलेंद्र का साढ़े तीन साल का बेटा अंशू भी बहन के साथ वहीं नहा रहा था। इसी दौरान वह गहराई में चला गया। बच्चे को नदी से निकाला और सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# पति ने फावड़े से काट कर की पत्नी की हत्या, पकड़ा गया

संवाददाता, निघासन (खीरी)

- बचाने आई भतीजी की अंगुली भी काटी, खीरी की घटना

**अमृत विचार:** थाना पढुआ क्षेत्र के गांव परमोधापुर में शनिवार की दोपहर खेत से काम कर वापस लौटे सनकी पति ने अपनी पत्नी पर फावड़े से कई ताबड़तोड़ प्रहार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह अपनी भतीजी शिवानी के साथ घर के बाहर पड़ी टिनशेड के नीचे सो रही थी। भतीजी ने बचाने की कोशिश की तो हत्यारे पति ने फावड़े से प्रहार कर उसके हाथ की अंगुली भी काट दी। बताते हैं कि वह पत्नी के साथ अक्सर मारपीट करता था। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

गांव परमोधापुर निवासी अयोध्या प्रसाद मौर्य उर्फ श्री कृष्ण का विवाह करीब 20 साल पहले मझगई थाना क्षेत्र के गांव बौधिया निवासी रामप्रसाद की पुत्री अवधेशा कुमारी (42) से हुआ था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। शनिवार की दोपहर करीब एक बजे भतीजी शिवानी के साथ अवधेशा कुमारी घर के बाहर पड़ी टिनशेड के नीचे सो रही थी। इसी बीच उसका पति अयोध्या प्रसाद उर्फ श्रीकृष्ण खेत से काम करके घर वापस लौटा। उसके पास फावड़ा था। घर के बाहर अपनी पत्नी को सोते हुए देखा तो वह भड़क उठा। उसने फावड़े से पहले पत्नी के पैर पर वार किए, जिससे उसका एक पैर का पंजा कटकर अलग हो गया।

**अयोध्या में तैयारी** | रामलला को तैयार करने के लिए 11 पुजारियों की टीम बनाई गई

# रामनवमी पर पीले वस्त्र में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे रामलला

कार्यालय, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामनवमी के दिन रामलला पीले वस्त्र में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। रामलला को तैयार करने के लिए 11 पुजारियों की टीम बनाई गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसकी जिम्मेदारी मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दी है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार भव्य मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव को मनाया जाएगा। इसके लिए पूरे मंदिर को सजाया जा रहा है। गर्भगृह में रामलला के भव्य स्वरूप का दर्शन होगा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रामनवमी के दिन भगवान के जन्मोत्सव पर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सुबह 3:30 बजे मंगल आरती के बाद जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक कराया जाएगा। इसके बाद विशेष चांदी और सोने के वर्क से तैयार किए गए पीले वस्त्र धारण कराए जाएंगे। प्रभु रामलला पांच वर्षीय राज कुमार के रूप में विराजमान हैं इसलिए श्रृंगार में सोने के हार और सोने का मुकुट धारण कराया जाएगा। सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया जाएगा। जन्मोत्सव के दिन दोपहर 11:45 बजते ही कपाट बंद कर पुजारियों की टीम रामलला का श्रृंगार करेगी। दोपहर 12 बजते ही रामलला के प्राकट्य आरती का आयोजन किया जाएगा। अभी लगभग पांच पुजारी रामलला की सेवा में लगे हैं। अन्य छह पुजारी को भी इस व्यवस्था में शामिल किया जाएगा।



भव्य मंदिर में विराजमान रामलला।

### रूट डायवर्जन कल से, 19 तक लागू रहेगी व्यवस्था

**अयोध्या :** रामनवमी पर जिले में रूट डायवर्जन प्लान 15 अप्रैल को दोपहर दो बजे से लागू हो जायेगा। जो 19 अप्रैल तक जारी रहेगा। प्रत्येक स्तर पर वरिष्ठ अधिकारी लगाये जाएंगे। ये जानकारी शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को दी। वो रामनवमी उत्सव की तैयारियों को लेकर दोनों अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अयोध्या में चल रही तैयारियों की जानकारी दे रहे थे। बैठक में रामनवमी मेले की तैयारी के संबंध में विभिन्न विभागों के कार्यों की रूपरेखा मंडलायुक्त गौरव दयाल द्वारा प्रस्तुत की गई। मंडलायुक्त ने बताया कि जिले में प्रसार भारती एवं सूचना विभाग के सहयोग से 120 स्थालों पर एलईडी वॉल लगाई जाएगी। ब्लॉक मुख्यालय व राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी एलईडी वॉल लगाई जानी है। पूरे कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था प्रसार भारती, दूरदर्शन से की जा रही है। उन्होंने कहा कि रामनवमी की बेहतर ढंग से तैयारियां की जा रही हैं। जिससे कि आम श्रद्धालुओं के आगमन में या दर्शन में कोई दिक्कत न हों। गर्मी को देखते हुए भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ पर बैरिकेडिंग के साथ-साथ जमीन पर दरी बिछाई जा रही हैं। मुख्य सचिव ने पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों को लगाने का निर्देश दिया। बैठक में डीएम नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अश्विनी पांडेय, मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, आरटीओ ऋतु सिंह, उपनिदेशक सूचना डॉ. मुरलीधर सिंह, उपनिदेशक पर्यटन, विद्युत विभाग, रोडवेज, सिंचाई सहित आदि विभागों के अधिकारी शामिल थे।

# राम मंदिर के स्वरूप में बनेंगे केंद्र

कार्यालय, अयोध्या



रामकथा में पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अयोध्या पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शनिवार को बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को राम मंदिर का स्वरूप दिया जाएगा। वो बड़ी छावनी के मैदान में प्रख्यात कथाकार रमेश ओझा के आयोजित रामकथा में पहुंची थीं।

उन्होंने रामलला के दर्शन भी किये। इसके बाद अधिकारियों से पूछा कि दिव्य और भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में आसपास छोटे-छोटे भूखे बच्चे घूमेंगे तो लोग क्या सोचेंगे? उन्होंने कहा कि ऐसे में उन्होंने सोचा है कि अयोध्या नगर सहित संपूर्ण जिले में जितने भी आंगनबाड़ी केंद्र हैं उनका कायाकल्प करवाना है। सुंदर, शिक्षा के लिए आवश्यकताओं से सुसज्जित होकर स्थापित किए गए आंगनबाड़ी केंद्र से ही धीरे-धीरे बच्चे आगे बढ़ेंगे और एक विकसित भारत के मार्ग को प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कहा हम बड़े कॉलेज और यूनिवर्सिटी की ओर देखते हैं, जबकि आंगनबाड़ी केंद्र को सुसज्जित करने की आवश्यकता है क्योंकि तीन से छह वर्ष के बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र से ही उठना-बैठना,चलना और लिखना सीखते हैं। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हमें आंगनबाड़ी केंद्र को कॉलेज यूनिवर्सिटी और जनता के साथ सीधे जोड़ना होगा, जिस पर उत्तर प्रदेश के 12000 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र में मुहिम भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद आंगनबाड़ी केदों को सुसज्जित करने का काम शुरू होगा।

